तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 7 अप्रैल 2024

12 खेलकूद में छात्रों ने दिखाया दम बलजिंद्र व रुचि बने बेस्ट एथलीट



12 मोदी की स्थिति बेहद मजबूत, 400 पार करेगा ...



## खबर संक्षेप

### देसी कट्टा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना के ओवर ब्रिज के पास से अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी गगनदीप सिंह व आशीष उर्फ आशु को देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी के मामले में तीन आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 में दर्ज चोरी की नीयत से घर में घुसने के मामले में पुलिस ने आरोपी फिरोज कुमार, साहिल व राज कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार से पूछताछ के दौरान बतलाया कि फिरोज कुमार, साहिल व राजकुमार भी इस मामलें में संलिप्त है। सेक्टर नौ के दीपक शिकायत दर्ज करवाई थी।

### युवक ने यमुना नहर में कूदकर की खुदकुशी

**यमुनानगर।** शहर के पुराना हमीदा निवासी 35 वर्षीय हेमंत उर्फ काका ने शनिवार दोपहर पुराना सहारनपुर रोड स्थित पश्चिमी यमुना नहर पुल से कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा दिया।

### चोरी की बाइक बेचने आए दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** शहर की फरकपुर थाना पुलिस ने जोड़िया गुरुद्वारे के नजदीक से चोरी की बाइक बेचने आए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया।

### चलती स्कूटी में लगी आग, चालक बचा

**पानीपत।** सडक़ पर चलती स्कूटी में अचानक आग लग गई। जिससे स्कूटी पूरी तरह से जल गई गनीमत यह रही कि चालक बाल-बाल बच गया। जाटल रोड स्थित आरके पूरम निवासी सुरेश कुमार अपनी टीवीएस ज्यूपीटर स्कूटी न.एचआर 26 डीके 7406 पर सवार होकर डयूटी जा रहे थे। तभी रास्ते में अचानक स्कूटी में आग लग गई।

# हिन्दू-सिख एकता का प्रतीक चैत्र चौदस मेले का मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ

## देश भर से श्रद्धालु अमावस के अवसर पर स्नान करने पहुंचेंगे

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा

उपमंडल पिहोवा में शनिवार से तीन दिवसीय चैत्र चौदस मेले का शुभारंभ हो चुका है। चैत्र चौदस मेला हिन्दू-सिख एकता का प्रतीक है, जिसमें देश भर से लोग अमावस के अवसर पर स्नान करते हैं तथा अपने पितरों की आत्मा का शांति के लिए पिंडदान व पूजा-पाठ करवाते हैं। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि विश्व विख्यात चैत्र चौदस मेले का धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्व है।

■ चैत्र चौदस मेले के साथ लोगों की जुड़ी हुई है भावनाएं





पिहोवा। पूजा करते श्रद्धालु व मेले में पहुंचे श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### पृथुदक तीर्थ का सर्वाधिक महत्व

कुरुक्षेत्र की परिधि में पड़ने वाले तीर्थों में सर्वाधिक महत्व पृथुदक तीर्थ को माना गया है। वामन पुराण के अनुसार वेन के पुत्र पृथु के नाम से इस तीर्थ का नाम पृथुदक हुआ। राजा वेन धर्म से विमुख हो गया था, जिस कारण ऋषियों ने उसे श्राप देकर मार दिया था। फिर उसके शरीर का मंथन किया गया, जिससे भगवान विष्णु के नौवें अंश पृथु पैदा हुए। राजा पृथु ने जिस स्थान पर अपने पितरों को उदक यानि जल दिया, वह स्थान पृथु-उदक यानी पृथुदक नाम से प्रसिद्ध हुआ। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस तीर्थ में स्नान का अति महत्व माना गया है। यहां स्नान करने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं तथा व्यक्ति को अश्वमेध यज्ञ की फल की प्राप्ति के साथ-साथ स्वर्गलोक भी प्राप्त हो जाता है।

### देश के कोने-कोने से श्रद्धालु मेले में आते हैं

उन्होंने कहा कि चैत्र-चौदस मेला उपमंडल पिहोवा के सभी लोगों के साथ-साथ देश के सभी लोगों का मेला है। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से श्रद्धालु मेले में आते हैं तथा परंपरागत तरीके से अमावस के समय स्नान करते हैं। चैत्र चौदस मेले के साथ लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। श्रद्धालुओं के लिए मेला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं। मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

### चैत्र चौदस पर सरस्वती तीर्थ पर स्नान करने का विशेष महत्व

उद्घाटन अवसर पर नपा चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने कहा कि पुराणों के अनुसार पांडवों के बड़े भाई युधिष्ठिर ने महाभारत के युद्ध में मारे गए अपने सगे संबंधियों का यहीं पर पिंड दान करवाया था। भगवान श्री कृष्ण और शिव ने भी यहां सरस्वती तीर्थ में स्नान किया। श्री गुरु नानक देव जी और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी भी यहां पधारे थे। महाराजा रणजीत सिंह इसी पावन तीर्थ पर अपनी माता का पिंडदान करवाने आए थे। इस पावन तीर्थ पर पूरा वर्ष श्रद्धालु पिंडदान व स्नान करने के लिए आते रहते हैं, लेकिन चैत्र चौदस को यहां स्नान करने का विशेष महत्व है। चैत्र चौदस मेले में श्रद्धालुओं का लगभग 80 प्रतिशत वर्ग सिख समुदाय से आता है। इसलिए इस मेले को हिन्दू-सिख एकता के प्रतीक के रूप में जाना जाता है।

### सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

उन्होंने कहा कि मुख्य घाट पर बने प्रशासनिक खंड में अधिकारियों द्वारा सीसीटीवी कैमरों द्वारा रखी जा रही नजर का कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, बड़ी एलईडी स्क्रीन से हर सैक्टर पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि चैत्र चौदस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लोग उपमंडल पिहोवा में आएंगे। चैत्र चौदस मेले के अवसर पर सूचना प्रसारण केंद्र की स्थापना की गई है, जो समय-समय पर घोषणाओं के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाते हैं।

# किसानों ने ड्रोन उड़ाने का प्रदर्शन कर सिंचाई का तरीका बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

किसान कृषि कार्यो में ड्रोन का सहजता से इस्तेमाल कर रहे हैं और क्रोपवाइस ग्रोअर्स एप सहित अन्य प्रोद्योगिकियों को भी तेजी से अपना रहे हैं। इसी के चलते गांव रसिन में किसानों ने ड्रोन उड़ाने का प्रदर्शन किया। इस दौरान बताया गया कि ड्रोन विधि से किस तरह सिंचाई की जा सकती है और उसके क्या फायदे हैं। किसानों को ड्रोन का प्रशिक्षण देने वाली सिजेंटा के कंट्री हेड और एमडी सुशील कुमार ने शनिवार को रसिन गांव में सिंजेंटा के अनुसंधान एवं विकास केंद्र में किसानों के एक समूह के साथ मुलाकात की और जिस सहजता और तेजी से किसान कृषि कार्यों में ड्रोन और अन्य प्रोद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं उसकी सराहना की। सिंजेंटा किसानों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, और इसके लिए हम किसानों को सुरक्षित छिड़काव के लिए प्रशिक्षित भी करते हैं। सिंजेंटा का अनुसंधान एवं विकास केंद्र करनाल में 25 साल पुराना है जो भिंडी, तरबूज, टमाटर और खीरे जैसे बीजों को तैयार करता है। उन्होंने कहा, हमारे सीएसआर कार्यक्रम के तहत, सिंजेंटा फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से, हमने एक ड्रोन पायलट प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत हमने हरियाणा के 16 जिलों से 18 महिलाओं सहित 100 ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षिति किया है।

■ सिंजेंटा किसानों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद

# विदेश में रोजगार के सपने हुए खाक जर्मनी के लिए निकले युवक की मौत

## परिजनों का आरोप एजेंट बताता रहा की रास्ते में है युवक, परिवार के पास पहुंच चुकी थी मौत की खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विदेश में काम की तलाश में गए युवक की मौत हो गई। इस खबर से परिवार ही नहीं पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो छोटी बच्चियों को छोड़ गया है। शनिवार दोपहर को मृतक का शव गांव में पहुंचा। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई संजीव ने कहा कि उसका छोटा भाई अनिल कुमार प्राइवेट काम करता था। उसकी शादी लगभग 6 साल पहले हुई थी। उसके पास दो लड़कियां है। वह विदेश में जाकर काम करना चाहता था। उन्हें कहीं से पता चला कि गांव सारण का विमल सैनी लोगों को बाहर भेजने का काम करता है। तो उन्होंने विमल सैनी से संपर्क किया और अपने छोटे भाई अनिल को बाहर भेजने की बात की। सैनी इनके बाद हमारे घर आया और बोला कि मैं आपके भाई को जर्मन भेज दूंगा जिसके लिए साढ़े तेरह लाख में बत तय हुई। उसने कहा कि शुरू में अनिल का पासपोर्ट व पचास हजार देने पड़ेंगे। दो लाख रुपये वीजा आने के बाद देने होंगे। पांच लाख रूपये फ्लाइट होने के बाद व बाकी की रकम जर्मन पहुंचने के बाद देने होंगे। उसने कहा कि रास्ते में 10-15 दिन का ब्रेक होगा। शिकायतकर्ता व उसके भाई ने एजेंट विमल सैनी के कहे अनुसार अनिल का पासपोर्ट व पचास हजार रुपये नकद अक्तूबर 2023 में दे दिए थे और अनिल का वीजा आने पर दो लाख रुपए नकद विमल सैनी को दिए। उसने बताया कि 29 अक्तूबर 2023 को अनिल सैनी फ्लाइट दिल्ली से होने के बाद 1-2 दिन के बाद विमल सैनी रकम के लिए हमारे घर पर आया और हमने उसे पांच लाख रुपये नकद दे दिए। इसके बाद लगभग एक-डेढ़ महीने बाद शिकायतकर्ता के फोन पर विमल सैनी का फोन आया जिसमें उसने कहा कि आपका भाई अनिल बेलरूस में है। उसको जर्मन भेजने के लिए फिनलैंड का वीजा लगवाने के लिए एक लाख रूपये की मांग की। इसके बाद विमल सैनी हमारे घर पर आकर एक लाख 20 नकद ले गया। परिवादी के अनुसार उसकी 7 मार्च 2024 तक विमल सैनी से वाट्सएप के जरिए बात होती रही थी। वह बताता रहा कि अनिल रास्ते में है।

■ आरोपी एजेंट के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज



बराड़ा। मृतक अनिल का फाइल फोटो व अंतिम संस्कार के समय उपस्थित ग्रामीण।

### मानव तस्करी करने का आरोप

शिकायतकर्ता को विमल सैनी पर कुछ शक हुआ। उन्होंने विमल सैनी के बारे में अपने तौर पर पता किया तो पता चला कि एजेंट विदेश में बच्चों को नजायज तरीके से भेजकर मानव तस्करी करने का काम करता है। विदेश में बच्चों से नजायज काम करवाता है। इसके बाद 23 मार्च 2024 को अनिल के साले ने अनिल की फोटो व वीडियो भेजी जिससे पता चला कि उसके भाई की मौत हो चुकी है। उन्होंने एजेंट से बात की। शिकायतकर्ता की माने तो अब तक आरोपी उनसे साढ़े आठ लाख रुपये उनसे हड़प चुका था। बराड़ा के एसचएचओ गुलशन कुमार ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर आरोपी एजेंट के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी अभी फिलहाल विदेश में है। आरोपी के पासपोर्ट व उसकी ट्रेवल हिस्ट्री संबंधी जानकारी जुटाई जा रही है। इसके बाद ठोस कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग ने बच्ची को जन्म दिया

## आरोपी भी नाबालिग, कोर्ट ने बाल सुधार गृह भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की एक कॉलोनी में निवास कर रहे यूपी के प्रवासी परिवार की 16 वर्षीय लड़की ने शनिवार को एक बच्ची को जन्म दिया। वही, हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस के अनुसार 16 वर्ष की लड़की राजकीय स्कूल में पढ़ती है। वही खटीक बस्ती निवासी 16 वर्ष का ही एक लड़का, लड़की का सहपाठी है। पुलिस को भी शिकायत में लड़की के पिता ने बताया कि उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है और लड़की उसकी इकलौती संतान है। लड़की के साथ उसके सहपाठी ने गत वर्ष सितंबर माह में दुष्कर्म किया था। वहीं आरोपी लड़का, लड़की को उसके पिता की हत्या करने की धमकी देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। वही लड़की गर्भवती हो गई। लड़की ने गर्भवती होने के बात अपने पिता से छुपाई। शनिवार के दोपहर को लड़की घर पर अकेली थी पिता अपने काम पर फैक्ट्री में गए हुए थे। प्रसव पीड़ा होने पर लड़की ने अपने पिता को फोन किया, जब तक पिता घर पहुंचा तब तक लड़की बच्ची को जन्म दे चुकी थी। जबकि पिता ने आस पड़ोसियों के सहयोग से अपनी पुत्री व नवजात को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां दोनों का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है। इधर पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपी किशोर पर केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। अदालत ने आरोपी को बाल सुधारगृह, अंबाला भेज दिया है।

■ मां बेटी सिविल अस्पताल में भर्ती, दोनों की हालत स्थिर

# कैंटर ने बाइक को मारी टक्कर, मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर में आईओसीएल चौक के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। वहीं उनके 3 साल के इकलौते बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी कैंटर ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित के रश्तिेदार सोनू ने बताया कि वह गांव बोहली फाटक डेरा का रहने वाला है। पेशे से वह एक फोटोग्राफर है। 5 अप्रैल को उसके घर पर उसकी मौसी का लड़का विजय निवासी गांव समसपुरा जिला कुरुक्षेत्र अपनी पत्नी सुमन और उसके इकलौता बच्चे हरमनप्रीत 3 वर्ष के साथ आया था। सोनू ने बताया कि यहां से वे तीनों अपनी बाइक से गांव समसपुर जा रहे थे।

सोनू भी उनके साथ ही था। विजय की बाइक आगे थी जबकि वह उनकी बाइक के पीछे चल रहा था। सुबह करीब सवा 11 बजे जब वे आईओसीएल चौक पहुंचे तो कोको पंप की तरफ से एक कैंटर एचआर 46एफ5290 तेज गति में आाय। उसने सीधी टक्कर विजय की बाइक को मारी। टक्कर लगने से बाइक सवार तीनों नीचे गिर गए। हादसे के बाद आरोपी कैंटर ड्राइवर मौके पर रुका और नजदीक आया। उसने टक्कर लगने से घायल लोगों की हालत देखी तो फौरन फरार हो गया।

सोनू ने बताया कि आनन.फानन तीनों को टोल प्लाजा स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।जबकि पति.पत्नी को उपचार के लिए भर्ती कर लिया।

■ आरोपी कैंटर ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज, पति पत्नी घायल

# हेरोइन तस्करी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने 9 ग्राम हेरोइन तस्करी में मामले में आरोपी सप्लायर को सेक्टर 29 में फ्लौरा चौक से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान आकाश उर्फ रवद्रिं निवासी गांधी कॉलोनी के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी नशा तस्कर अरूण ने उक्त हेरोइन कमीशन पर बेचने के लिए गांधी कॉलोनी निवासी आकाश से लेकर आने बारे स्वीकारा था। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ था कि आकाश उसको हेरोइन सप्लाई करने के लिए एक दिन के 1 हजार रुपये कमीशन देता है। पुलिस ने थाना माडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपी अरूण को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद नशा सप्लायर आरोपी आकाश की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। वहीं एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने शुक्रवार देर शाम सूचना के आधार पर नशा सप्लायर आरोपी आकाश को सेक्टर 29 में फ्लौरा चौक के पास से गिरफ्तार किया।

## मिल में इस बार 146 लाख 63 हजार क्विंटल हुई गन्ने की पेराई

# सरस्वती शुगर मिल में गन्ना पेराई का कार्य हुआ बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उत्तर भारत की सबसे बड़ी स्थानीय सरस्वती शुगर मिल में वर्ष 2023-24 सीजन के गन्ना पेराई के कार्य का समापन हो गया। इस बार गत सीजन की अपेक्षा मिल में गन्ना पेराई कम हुई है। कारण बताया जा रहा है कि बाढ़ में गन्ने की फसल को काफी नुक्सान होने से मिल में गन्ना पेराई कम हुई है।

जानकारी के मुताबिक मिल प्रबंधन द्वारा मिल में गन्ना पेराई का कार्य 31 मार्च तक बंद करने का नोटिस जारी किया था। मगर इसे बढ़ाकर फिर पांच अप्रैल तक किया गया। जिसके बाद गत शाम को मिल में गन्ना पेराई का कार्य विधिवत बंद कर दिया गया। मिल प्रबंधन द्वारा इस बार शुगर मिल में गन्ना पेराई का कार्य गत 31 अक्तूबर को शुरु किया गया था और पूरे सीजन में 175 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया था। मगर पिछले कई दिन से मिल में गन्ने की कम आवक होने से मिल बंद कर दिया गया और इस बार कुल 146 लाख 63 हजार क्विंटल गन्ना पेराई हो सकी। जबकि सीजन 2022-23 में मिल में 166 लाख 36 हजार क्विंटल गन्ना पेराई की गई थी।

■ गत वर्ष की अपेक्षा इस बार कम हुई गन्ना पेराई




यमुनानगर के स्थानीय सरस्वती शुगर मिल में गन्ना पेराई बंद होने के दौरान मिल गेट के बाहर खड़े होकर आपस में बतियाते किसान।

### गन्ने की फसल को बाढ़ में हुआ नुकसान

सरस्वती शुगर मिल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (केन) डीपी सिंह ने बताया कि सीजन 2023-24 में शुगर मिल में केवल 146 लाख 63 हजार क्विंटल गन्ना की पेराई हुई है। यह गत सीजन से कम पेराई हुई है। शुगर मिल का समय से पहले बंद हो जाना चिंता की बात है। पिछले साल जुलाई माह में आई बाढ़ से गन्ने को काफी नुकसान हुआ था। इससे गन्ने की पैदावार काफी कम रही। जिसकी वजह से मिल में गन्ने की आवक कम होने से मिल में पेराई कार्य को बंद किया गया।

# खाते से कटे पैसे वापस भेजने की ठगी करने का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

## साइबर गिरोह ने 57500 हजार रुपये का चूना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम खाते से कटे पैसे वापिस भेजने के नाम पर जीन्द के गांव खातला निवासी युवक से 57500 रूपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को राजस्थान के डूंगरपुर जिला से गिरफ्तार करके लाई है। आरोपी की पहचान यश निवासी गोला डूंगरपुर राजस्थान के रूप में हुई। थाना साइबर क्राइम प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीन ने बताया कि थाना साइबर क्राइम में अनिश पुत्र शमशेर निवासी खातला जीन्द ने शिकायत देकर बताया था कि वह 2अगस्त 2023 को किसी काम से पानीपत आया था। यहां वह अपने मोबाइल पर काम कर रहा था। इसी दौरान मोबाइल पर एक ऐड आई। उसने ऐड पर क्लिक किया तो खाते से 500 रुपये कट गए। ऐड की स्क्रिन पर दिए मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो बात कर रहे युवक ने कहा 500 रुपये और डाल दो इसके बाद आपके पैसे वापस कर देंगे। युवक ने इस प्रकार बार बार झूठ बोलकर उससे खाते में 57500 रुपये डलवा लिए और बाद में पैसे वापस देने के मना करते हुए फोन काट दिया। इस प्रकार झांसे में लेकर आरोपी ने उससे 57500 रूपये की ठगी कर ली। अनिष की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर प्रवीन ने बताया कि पुलिस टीम ने विभिन्न पहलुओं पर गहनता से जांच करते हुए वीरवार को राजस्थान के डूंगरपुर जिला से आरोपी को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी ने ठगी गई नगदी में से ज्यादातर पैसे खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बचे 15 हजार रूपये व वारदात में प्रयुक्त सिमकार्ड बरामद कर आरोपी की रिमांड अवधी पूरी होने पर शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

■ पूछताछ में आरोपी ने ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा

खबर संक्षेप

## जिले में दो महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व मारपीट

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग दो स्थानों पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ में मारपीट के मामले सामने आए हैं। सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बुडिया पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव कनालसी से में आई थी। इस दौरान वहां पर रविंद्र कुमार, संदीप कुमार, राजकुमार, गुलाब सिंह, व ऋषिपाल राणा ने उसके साथ मारपीट की, अभद्र भाषा का प्रयोग किया, उसके साथ छेड़छाड़ की। उधर, नाहरपुर निवासी शोभा देवी ने बताया कि उनके गांव के ही केहर सिंह व मनीष कुमार ने उनके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## दो दुकानदारों के साथ हुई ठगी

यमुनानगर। जिले के बिलासपुर क्षेत्र में नोटों के हार लेकर पैसे गूगल पे व स्कैन कोड से करने के बहाने दुकानदारों से ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय है।
बिलासपुर क्षेत्र में दो दुकानदारों संदीप कुमार व अमजद खान के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## उद्योगपति करें मतदान के लिए श्रमिकों की छुट्टी

**पानीपत।** लोकसभा आम चुनाव में जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु उपायुक्त विरेंद्र कुमार दहिया ने स्वीप के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी आरडब्ल्यूए प्रधान, मार्केट कमेटी प्रधान, डाइज एसोसिएशन अपनी जिम्मेवारी निभाते हुए सभी मजदूरों को मतदान वाले दिन मतदान हेतु प्रेरित करने का आहवान करते हुए 25 मई को वोट डालने हेतु श्रमिकों को छुट्टी प्रदान करने के लिए कहा।

### मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में खेल दिवस का किया आयोजन

# दसवीं के छात्र शिव ने लगाई सबसे लंबी छलांग, जतिन द्वितीय स्थान पर रहा

स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में भी आयोजित हुआ खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर





**यमुनानगर।** मुकंदलाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में आयोजित खेल दिवस पर लंबी छलांग लगाते हुए छात्रा व यमुनानगर के रादौर स्थित स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में खेल दिवस के मौके पर खेल प्रतियोगिता में भाग लेते नन्हें मुन्ने बच्चे। फोटो :हरिभूमि

कंदलाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर व शिशु निकेतन स्कूल में शनिवार को खेल दिवस मनाया गया। इस दौरान दोनों ही शिक्षण संस्थानों में खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई गई। मुकंदलाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि उनके स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी छलांग प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा के छात्र शिव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, द्वितीय स्थान जतिन व तृतीय स्थान युवराज ने प्राप्त किया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कैप्टन वतन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि लड़की वर्ग की खो खो प्रतियोगिता में कैप्टन रिद्धिमा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, लड़कों की खो खो प्रतियोगिता में कैप्टन दिवांशु की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताएं योग अध्यापिका आंचल शर्मा व शारीरिक शिक्षा के अध्यापक सचिन की देखरेख में करवाई गई। विजेता खिलाड़ियों को प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर ने बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस

### स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में मनाया खेल दिवस

*छात्राओं ने फन गेम व अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। मौके पर खिलाड़ियों को खेल जगत की प्रसिद्ध हस्तियों की जीवन शैली, खानपान एवं उनकी उपलब्धियों के विषय में जानकारी दी गई।*

अवसर पर मुख्य अध्यापिका रेनू शांडिल्य ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल का भी बहुत अधिक महत्व है। यह अनुशासन, धैर्य एवं सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। विद्यालय के सभी छात्रों ने इस दिवस पर यह शपथ ली कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार खेलों में भाग लेते रहेंगे।

# पड़ोसियों के बीच चल रहे विवाद को लेकर हुई मारपीट

- दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

शहर की जैन नगर कॉलोनी में पड़ोसियों के बीच चल रहे विवाद को लेकर एक बार फिर झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव सारण निवासी हिमानी उर्फ मिठू ने बताया कि वह अपनी बहन प्रीति के पास जैन कालोनी में आई हुई थी। यहां से वह दोनों अपने मामा के घर जा रही थी। जब वह जैन कालोनी से निकली तभी सामने से सुषमा नाम की महिला आई। वह बेवजह गाली गलौज करने लगी।

झूठा आरोप लगाते हुए कहा कि वह उसका पीछा कर रही है। विरोध करने पर उसने धक्का दे दिया और बाल पकड़कर मारपीट करने लगी। बीच बचाव में बहन प्रीति आई तो उसके भी पेट में सुषमा ने लात मारी और चप्पल से पीटा। बाद में आरोपित के परिवार से नेहा, माणी व कमल भी वहां पहुंच गए। वह भी मारपीट करने लगे। आसपास के लोग एकत्र हुए और उन्हें बचाया। बाद में आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी।

### दूसरे पक्ष ने यह दी शिकायत

दूसरे पक्ष से जैन कालोनी निवासी सुषमा ने बताया कि उनका अपने पड़ोसी प्रीति राणा व उसके परिवार के विरुद्ध धमकी देने व जातिसूचक शब्द कहने का केस दर्ज कराया है। आरोपित प्रीति व उसकी बहन करिश्मा उस पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। इस वजह से ही वह रंजिश रखे हुए हैं।

तीन दिन पहले पहले वह अपने चार वर्ष के बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए घर से निकली। तब भी आरोपित उसका पीछा करने लगे। मोड पर आकर उसे पकड़ लिया और उसे पीटा। जातिसूचक शब्द कहते हुए गालियां दी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने नए आयाम किए स्थापित: बंतो

- गेल की पूर्व स्वतंत्र निदेशक एवं अंबाला से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने आधा दर्जन गांव में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



**यमुनानगर।** सरस्वती नगर में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करती बंतो कटारिया व अन्य। फोटो :हरिभूमि

गेल की पूर्व स्वतंत्र निदेशक एवं भाजपा की अंबाला लोकसभा की प्रत्याशी बंतो कटारिया ने शनिवार को यमुनानगर के सरस्वती नगर, मुरादनगर, कलावड़, जागधौली, तलाकौर, बाल छप्पर, कैल, भंभौली, सरस्वती नगर समेत दर्जनों स्थानों पर जनसंपर्क अभियान कर लोगों को भाजपा, प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने कर्मठ व परिश्रमी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत की बादौलत पिछले लगभग 10 वर्षोंर् में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा, सुशासन व विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। मौके पर पूर्व विधायक बलवंत सिंह, जिला परिषद चेयरमैन रमेशचंद ठसका, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, भोपाल सिंह खदरी, पुनित बिंदल, कपिल मनीष गर्ग,जिला पार्षद विनीत कौर व दाता राम आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

- कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर फहराए भाजपा के ध्वज

हरिभूमि न्यूज. रादौर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रादौर में अपने घरों पर भाजपा के ध्वज लगाकर पार्टी का 44वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने भारत माता के नारों का जयघोष भी किया।




यमुनानगर के रादौर में भाजपा का ध्वज अपने घरों पर फहराते कार्यकर्ता।

### सैनी समाज ने फहराए ध्वज

सैनी समाज के प्रधान एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप सैनी व सतीश सैनी ने अपने अपने घरों की छतों पर भाजपा पार्टी का झंडा लहराकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संदीप सैनी व सतीश सैनी ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा पार्टी का गठन हुआ था। पार्टी अब एक बडे पेड का रूप धारण कर चुकी है। भाजपा ने देश मे फैले भ्रष्टाचार को दूर कर देश को मजबूत बनाया है। मोदी सरकार ने देश का समुचित विकास करवाकर जनता का मन मोह लिया है। भाजपा पार्टी 36 बिरादरी की पार्टी है। भाजपा पार्टी को खड़ा करने में अनेक वर्करों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कायार्ें से पूरा देश गर्वित है। उन्होने हर वर्ग के लिए काम किया है। भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी हैए जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान किया जाता है।

### गांव लक्खासिंह खेडी में मनाया भाजपा स्थापना दिवस

शनिवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेडी के निवास पर भारतीय जनता पार्टी का 44वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी ने की। इस अवसर पर हैप्पी खेडी व अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने घरों की छत पर पार्टी का झंडा फहराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की। मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेडी ने 1952 से लेकर आज तक पार्टी के विस्तृत रूप की जानकारी दी।



**यमुनानगर।** आदर्श विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# हवन करने से हमारे अंदर समर्पण की भावना होती है जागृत: डावर

**रादौर।** आदर्श विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल अकालगढ़ में हवन यज्ञ का आयोजन कर नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर नए सत्र में बच्चों की सफलता की कामना की। विद्यालय प्रबंधक बबली कंबोज ने सपरिवार यजमान के रूप में हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। आचार्य राम गोपाल शर्मा ने पूरे वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न करवाया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व शिक्षक वर्ग द्वारा पूर्ण आहुति दी गई। विद्यालय प्रधानाचार्या कुमारी मोनिका डावर ने सभी को नए सत्र की बहुत बहुत शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हवन पवित्रता, स्वच्छता एवं सुगंधी का प्रतीक है। हवन से हमारे अंदर समर्पण की भावना जागृत होती है। हवन मन की दिशा और दशा को बदलने का काम भी करता है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने बहुत सारे लक्ष्य और आयाम हैं। अपने लक्ष्य को निर्धारित कर और सही दिशा देकर ही हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। विद्यालय में आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के साथ विद्यार्थियों को जोडने का काम करते हैं। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

- जबीटेक कंप्यूटर तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में बीटेक व बीसीए के विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर स्थित जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित करते स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के खेल प्रभारी अभिषेक धीमान ने किया। प्रतियोगिता में बीटेक व बीसीए के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

संस्थान के खेल प्रभारी अभिषेक धीमान ने बताया कि बीटेक कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की टीम ने रणनीतिक गेमप्ले और सटीकता के साथ अपनी विरोधी टीम बीटेक चतुर्थ वर्ष को पछाड़ते हुए असाधारण बल्लेबाजी व गेंदबाजी का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को जीत लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने सभी भाग लेने वाली टीमों के प्रयासों की सराहना करते हुए बीटेक कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की टीम को उनकी उल्लेखनीय जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। बल्कि छात्रों को कक्षा से परे अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करते हैं। हम सभी टीमों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं और आने वाले दिनों में इस तरह की और अधिक उत्साही प्रतियोगिताओं की आशा करते हैं। इस अवसर पर टीआईएमटी के निदेशक डॉ. विकास दरयाल, मिस उपासना सूद आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** गांव बपौली में मेधावी छात्रा वनिष्का का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

# छात्रा वनिष्का ने नवोदय विद्यालय में प्राप्त किया उत्कृष्ट स्थान

**रादौर।** गांव बपौली की छात्रा वनिष्का ने नवोदय विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। शनिवार को गांव के सरपंच व अन्य ग्रामीणों ने छात्रा वनिष्का का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। गांव के सरपंच रोहित शर्मा ने मेधावी छात्रा वनिष्का का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि वनिष्का ने नवोदय विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर पूरे गांव का नाम रोशन किया है। वनिष्का के पिता सुखविंदर सिंह ने बताया कि वनिष्का पढ़ाई में शुरू से ही होशियार रही है। मेधावी छात्रा वनिष्का ने बताया कि उसका सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। जिसके लिए वह मेहनत व लग्न से पढ़ाई करेगी। इस अवसर पर हेड टीचर पवन कुमार व सरवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए करें रक्तदान

- इंफिनिटी खालसा ट्रस्ट एवं ग्लोबल ह्यूमिनिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया रक्तदान शिविर
- रक्तदान शिविर में एकत्रित हुआ 54 यूनिट रक्त

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर




**यमुनानगर।** छछरौली सामुदायिक भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त देते रक्तदाता।

इंफिनिटी खालसा ट्रस्ट एवं ग्लोबल ह्यूमिनिटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सामुदायिक भवन छछरौली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 54 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्लोबल ह्यूमिनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष कमलदीप चौधरी ने किया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष कमलदीप चौधरी ने कहा कि रक्तदान शिविर में चिकित्सकों द्वारा 54 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान रक्तदाताओं को फलाहार दिया गया। उन्होंने कहा कि रक्त किसी फैक्टरी में तैयार नहीं होता है, बल्कि इसे एक इंसान से लेकर दूसरे इंसान को चढ़ाकर उसकी जिंदगी बचाई जाती है। इसलिए हम सभी का कर्त्तव्य है कि दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए हमें वर्ष भर में कम से कम दो बार अपना रक्त अवश्य दान करना चाहिए। ताकि लोगों की जिंदगी बचाई जा रहे। मौके पर इंफिनिटी खालसा ट्रस्ट के संस्थापक जसप्रीत गनौली ने कहा की कि यदि हम आज ब्लड देते हैं तो वह दो दिन मे पूरा हो जाता है। इससे किसी तरह की कोई कमजोरी भी महसूस नही होती है। इसलिए सभी युवाओं को हर तीन महीने में एक बार रक्तदान करना चाहिए। मौके पर रक्तदाताओं को बिल्ला लगाकर व प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सिमरन सिंह, सतविंद्र सिंह नहारपुर, अमन, शुभम, गगन मान खारवन व गुजिंद्र गनौला आदि मौजूद रहे।

### सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में हाईटेक हुआ भारत निर्वाचन आयोग

# मतदाताओं, प्रत्याशियों व पोलिंग अधिकारियों की सुविधा के लिए लॉँच किया उपयोगी एप

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



- एप से कोई भी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं, प्रत्याशियों व पोलिंग अधिकारियों की सुविधा के लिए एक उपयोगी एप लॉँच किया है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शनिवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में भारत निर्वाचन आयोग भी हाईटेक हो गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से देश में होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं, राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के मोबाइल एप लांच किए हुए हैं। इन एप के माध्यम से कोई भी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ अपनी समस्या का निवारण करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। वहीं, रिटर्निंग अधिकारियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन एप मतदाताओं को अपना डाटा देखने की सुविधा प्रदान करते हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी ऐप बनाया गया है। इस ऐप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप की जानकारी उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ जीवन ही सफल जीवन का आधार : अनेजा



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विवि के स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर, गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई मेंबर एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बदलते हुए मौसम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन ही सफल जीवन का आधार है क्योंकि एक स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंच सकता है। स्वस्थ रहने के लिए सिर्फ शारीरिक रूप से ही फिट रहना जरूरी नहीं है बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है।

### अमेरिकन यूनिवर्सिटी की संगोष्ठी में पढ़ा शोध पत्र

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि विभाग के प्रोफेसर सीआर जिलोवा ने अमेरिकन यूनिवर्सिटी वाशिंगटन डीसी में ह्यसामाजिक परिवर्तन के एक साधन के रूप में कानून, भारत के विशेष संदर्भ में एक अध्ययनह्ल विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में उन्होंने शोध पत्र के माध्यम से कानून द्वारा समाज में हुए विभिन्न बदलावों की ओर ध्यान दिलाया जिसमें मुस्लिम महिला के अधिकार, मुफ्त शिक्षा मौलिक अधिकार, सूचना का अधिकार, जनहित याचिका आदि।

### भाजपा स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के निकटवर्ती गांव कैंथला खुर्द में भारतीय जनता पार्टी दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें गांव के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने ग्रामवासियों को भाजपा दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रही है।

### नुक्कड़ नाटक से मतदाताओं को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने हेतु भगवान परशुराम कॉलेज कुरूक्षेत्र के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र के केसल मॉल में नुक्कड़ नृत्य गायन के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी पच्चीस मई को वोट करने के लिए जागरूक करना था।

### स्वास्थ्य एवं आंखों की मुफ्त जांच शिविर का आयोजन

**लाडवा।** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा-लाडवा के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व विधायक एमएलसी स्वर्गीय ओमप्रकाश गर्ग की मधुर स्मृति में विद्यालय के प्रांगण में 10 बजे से 2 बजे तक मिशन अस्पताल अंबाला शहर के विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉक्टर सुनील सादिक, डॉक्टर नलिनी कुनर, डॉक्टर किरण चनन, नृपेन्द्र सिंह की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य एवं आंखों की मुफ्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका काफ लोगों ने लाभ उठाया।

---

### सीएम नायब सिंह सैनी होंगे मुख्यातिथि व पूर्व सीएम मनोहर होंगे अति विशिष्ट अतिथि

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती एवं अभिनंदन समारोह आजः राज्यमंत्री

**आज सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम, महात्मा ज्योतिबा फूले को अर्पित की जाएगी श्रद्धांजलि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा। 6केयूके05



कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते सैनी सभा के पदाधिकारी।

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सैनी समाज सभा की तरफ से थीम पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती एवं अभिनंदन समारोह का ऐतिहासिक एवं यादगार कार्यक्रम 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यातिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से सैनी एवं सर्व समाज के लोग पहुंचेंगे। इस समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी समाजों को महान लोगों की जयंती समारोह को सरकारी तौर पर मनाने का निर्णय लिया था। इस निर्णय के तहत सभी समाजों के महापुरुषों की जयंती मनाई गई। इन सभी कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया था। जयंती समारोह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके अलावा पूर्व सांसद सरदार गुरदयाल सिंह सैनी, कैथल से उद्योगपति बालकिशन सैनी, उद्योगपति रणबीर सिंह खंडवालिया विशिष्ठ अतिथि के रुप में पहुंचेंगे। कार्यक्रम की तमाम व्यवस्थाएं सैनी समाज सभा के प्रधान व समारोह के संयोजक गुरनाम सिंह सैनी देख रहें है। इसके अलाव वरिष्ठ उपप्रधान सत्यवान सैनी सजुमा, उपप्रधान जोगिंद्र सिंह सैनी बारवा, महासचिव अवतार सिंह सैनी प्रतापगढ़, सह सचिव श्याम लाल सैनी कुरुक्षेत्र तथा समस्त कार्यकारिणी के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि थानेसर हल्का से सैनी समाज के साथ-साथ सभी समाजों के लोग अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे।

## प्रदेश स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती कार्यक्रम को लेकर सैनी सभा की तैयारियां पूरी

*कुरुक्षेत्र। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय समारोह आज 7 अप्रैल को थीम पार्क में होगा। इसके साथ ही सीएम नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर का अभिनंदन समारोह भी होगा। कार्यक्रम संयोजक सैनी समाज सभा के पदाधिकारी शनिवार को दिनभर कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। साथ ही सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गठित कमेटियों के साथ बैठक कर फीडबैक ली। सभा के महासचिव अवतार सिंह सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं। उन्होंने कहा महापुरुष किसी जाति विशेष के नहीं, बल्कि पूरे समाज के होते हैं। कार्यक्रम को लेकर समाज के सभी वर्गों में उत्साह है और हर वर्ग से कार्यक्रम में भागीदारी रहेगी। शनिवार को बैठक के दौरान महासचिव अवतार सिंह सैनी के परिवार ने सभा के संस्थापक सदस्य इंद्र सिंह सैनी की याद में 2.50 लाख रूपए सभा को आर्थिक सहयोग दिया । जबकि वार्ड- 18 से निवर्तमान पार्षद हरदीप संजू सैनी, मार्केट कमेटी थानेसर के पूर्व चेयरमैन सुरेश सैनी कुक्कू,अनिल सैनी धनानी ने एक-एक लाख रुपए और सभा के पूर्व सचिव कुशपाल सैनी ने 21 हजार रुपए सहित समाज के कई लोगों ने सभा को आर्थिक सहयोग दिया । इस मौके पर पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी, सभा के उप प्रधान जोगिंद्र बारवा, वरिष्ठ उप प्रधान सत्यावान सैनी, सह सचिव श्यामलाल सैनी, कोषाध्यक्ष दर्शनलाल, सैनी शिक्षा समिति प्रधान जय भगवान सैनी, सचिव योगेंद्रनाथ सैनी, उप प्रधान होशियार सिंह, कृष्णलाल खैरी, सुरेश सैनी अजरावर, चंदगीराम पटवारी, ज्ञानचंद नंबरदार, गुरनाम जलबेड़ा रहे।*

---



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### भारत विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक शक्ति बन कर उभरेगा। इस देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल लगातार काम किया है। अब तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा फिर से देश को विकसित बनाने की अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाएगी। राज्यमंत्री सुभाष सुधा आज शनिवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर थानेसर हलका में अलग अलग जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने शनिवार को थानेसर विधानसभा के कुरुक्षेत्र व थानेसर शक्ति केंद्रों पर भाजपा के नेताओं व कार्यकताअरं की मीटिंग ले रहे थे। इस कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने कई भाजपा नेताओं व कार्यकताअरं के घर पर भाजपा का झंडा लगाया और कार्यकताअरं में जोश भी भरा।



### क्लब ओरिएंटेशन कोर्स का उद्घाटन का 8 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित क्लबों का सामूहिक ओरिएंटेशन कोर्स कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में 8 अप्रैल को होगा। इसका उद्घाटन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे। इस ओरिएंटेशन कोर्स में यूटीडी, इंस्टीट्यूट ऑफ इन्टीग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टड़ीज, आईटीटीआर एवं यूआईईटी के कुल 24 क्लबों के प्रभारी एवं इनके सचिव भाग लेंगे। इस आशय की जानकारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने शनिवार को केयू सीनेट हॉल में एक दिवसीय नाटक कार्यशाला के छात्रों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि क्लबों के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों को अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा तथा नाटक के माध्यम से बच्चों में जहां एक ओर अभिनय की बारिकियों को सीखने का अवसर प्राप्त होगा, वहीं पर दूसरी ओर उनकी प्रतिभा को मंच मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने नाटककार बृज शर्मा, डॉ. आबिद अली, डॉ. संत तथा डॉ. विजयश्री से थियेटर क्लब की भावी योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की और उनका स्वागत किया।

---

## चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

- देवीलाल जन मानस से जुड़े हुए नेता थे : तनुजा



चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर इनेलो के हलका थानेसर के कार्यालय में सद्भावना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में शेर सिंह बड़शामी, जिला अध्यक्ष बूटा सिंह, रामकुमार एबलाख कृष्णा बुरा, धर्मवीर कश्यप, तून खान, महिला जिला अध्यक्ष तनुजा, सुरजीत कौर, प्रदेश उप प्रधान सरोज राणा, गुरिंदर, परमजीत सोंटी, हलका प्रधान बबीता सहित भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताअरं ने चौधरी देवीलाल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। तनुजा ने कहा कि चौधरी देवीलाल सिर्फ स्वतंत्रता सेनानी, किसानों, गरीबों, मजदूरों और कमेरे वर्ग के ही मसीहा नहीं थे बल्कि युगपुरुष थे। उन्होंने देश के किसानों के शोषण के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई थी। देवीलाल का जीवन एक खुली किताब था। देवीलाल त्याग की मूर्ति थे। देवीलाल जन मानस से जुड़े हुए नेता थे। तनुजा ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा इनेलो का गढ़ रहा है और इस सीट से अभय सिंह चौटाला भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। तनुजा ने कहा कि चौ. देवीलाल ने वृद्धावस्था पेंशन, गरीब परिवारों की बेटियों के लिए कन्यादान, गरीबों की जच्चा-बच्चा के लिए पंजीरी, घूमंतु जाति के बच्चों के लिए प्रतिदिन प्रति बच्चा एक रुपया, राजनीतिक जागरुकता, किसानों के लिए उचित दर पर खाद, बीज व दवाई, पानी, बिजली का उचित प्रबंध किया।

### अग्निशमन विभाग ने बारना सीएचसी बारना में की मॉक ड्रिल

**कुरुक्षेत्र।** अग्निशमन विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारना में अस्पताल में किसी स्थान पर आग लगने पर आग बुझाने बारे संस्था के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को फायरमैन, मास्टर ट्रेनर मॉक ड्रिल गुरप्रीत तथा फायर ऑपरेटर राजेश द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई तथा प्रशिक्षण भी दिया गया। उन्होंने अग्निशमन की गाड़ी द्वारा भी अस्पताल परिसर में कैसे आग को बुझाया जाए संपूर्ण जानकारी दी। इस संदर्भ में डॉ अंजू वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारना ने बताया कि जिस प्रकार फसल की कटाई का समय है जिसमें कहीं भी आग लगने की संभावना हो सकती है।

## कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में सभी वर्गों के न्याय का ख्याल रखाः चीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र के बारे में जानकारी देते हुए।

पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता हरियाणा युवा कांग्रेस हरप्रीत सिंह चीमा ने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के शुक्रवार को जारी किए गए न्याय घोषणा पत्र को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि आज देश के सभी वर्ग भाजपा की गलत नीतियों से परेशान हैं। कांग्रेस ने अपनी घोषणा पत्र में उन्हें उन्हें मुद्दों को शामिल किया है जिनकी वजह से लोग परेशान है। चीमा ने कहा कि भाजपा ने किसानों के आय दुगनी करने का वादा किया था लेकिन कभी भी कर्ज माफी और एसपी गारंटी कानून को लेकर कभी भी दिलचस्प नहीं दिखाई जिसके चलते किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में न केवल कर्ज माफी का वादा किया है बल्कि किसानों को स्वामी नाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर एमएसपी की गारंटी दी। चीमा ने कहा कि भाजपा ने सालाना 2 करोड़ युवा को रोजगार देने का वादा किया था लेकिन आज हालात यह हो चुके हैं। हरियाणा नंबर वन बेरोजगारी में हो चुका है। युवा दर दर ठोकरे खा रहे हैं। बेरोजगारी के तो यह हालत है। चीमा ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी थी जबकि देश आजाद हुआ तो संविधान बनाने की जिम्मेदारी बाबा साहब को दी गई।

---



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा।

### भाजपा सरकार के कारनामों से है हर वर्ग दुखी : अशोक

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि आज भाजपा के कारनामों के कारण हर वर्ग परेशान है। अबकि बार देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। भारतीय जनता पार्टी के ढकोसलों को देश की जनता समझ चुकी है, इस बार मोदी सरकार को देश की जनता सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। वे गांव समसपुर व दयालपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में हर आम आदमी को साहुलियत देने की बात की गई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं को भी विशेष रूप से फायदा देने की बात की है। कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने इस दौरान ग्रामीणों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि डा. सुशील गुप्ता भारी मतों से जीत दर्ज करेंगें।

## पायलटों ने किया ड्रोन उड़ान का प्रदर्शन

- हरियाणा के किसानों द्वारा कृषि कार्यों में ड्रोन का सहजता से इस्तेमाल सराहनीय : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कार्यक्रम में किसानों से सीधा वातार्लाप करते कंपनी के एमडी व अन्य अधिकारी।

हरियाणा के किसान कृषि कार्यों में ड्रोन का सहजता से इस्तेमाल कर रहे हैं और क्रोपवाइस ग्रोअर्स एप सहित अन्य प्रोद्योगिकियों को भी तेजी से अपना रहे हैं। किसानों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, स्विस स्थित अग्रणी कृषि-विज्ञान कंपनी सिंजेंटा इंडिया के कंट्री हेड और एमडी सुशील कुमार ने शनिवार को कुरुक्षेत्र में एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र में सिंजेंटा प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों द्वारा ड्रोन उड़ान प्रदर्शन में शामिल होते हुए कहा कि हरियाणा सक्षम नीतियों और किसानों की प्रगतिशील दृष्टि के मिश्रण के साथ तेजी से विकास के लिए तैयार है। बागवानी विभाग द्वारा स्थापित मधुमक्खी पालन के विकास के लिए एक भारत-इजराइल कृषि परियोजना है। एमडी ने आईबीडीसी का दौरा किया और संस्थान की गतिविधियों में गहरी रुचि व्यक्त की। कहा कि सिन्जेंटा परागणकों की स्थिरता और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य सस्टेनेबिलिटी अधिकारी डॉ. केसी रवि ने देश भर में प्रौद्योगिकी संचालित प्रगति के लिए सिंजेंटा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और भारतीय किसानों की चुनौतियों और जरूरतों को देखते हुए समय पर नई तकनीक और टिकाऊ समाधान लाकर ग्रामीण समृद्धि की दिशा में सक्रिय रहने के लिए किसानों का समर्थन किया।



लाडवा। मोटरसाइकिल रैली में शामिल भाजयुमो जिलाध्यक्ष साहिल सुधा व अन्य।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर निकाली बाइक रैली

**लाडवा।** भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को युवा मोर्चा द्वारा मोटरसाईकिल रैली निकाली गई। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा ने शिरकत की व रैली में भाग लिया। रैली का भव्य स्वागत अनाजमंडी में स्थित भाजपा नेता संदीप गर्ग के कार्यालय पर किया गया। जहां जिलाध्यक्ष साहिल सुधा व कार्यकताअरं का फूल मालाओं व ढोल नगाड़ो के साथ स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष साहिल सुधा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी को भरकर सबके सामने आई है और इसी प्रकार वह आगे भी कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज सारा देश खुश है। क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी देश की भलाई के लिए कार्य कर रहे है। वहीं भाजपा नेता संदीप गर्ग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस पर आज जो जश्न पूरे देश भर में मनाया जा रहा है, वह एक देखने योग्य है।

---



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा। 6केयूके18

### भागवत सुनने से विचार होते है शुद्ध : शिव प्रसाद

**शाहबाद।** हुड्डा पार्ट 1 के महादेव पार्क में चल रही सात दिवसीय भागवत कथाअमृत के पांचवें दिन देर साय कथा का शुभारंभ समिति के सदस्यों ने श्रीमद् भागवत ग्रंथ का पूजन करके किया। कथा व्यास भागवत मर्मज्ञ आचार्य शिव प्रसाद उपाध्याय वृंदावन वालों ने श्रीमद् भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए बताया भागवत कथा का श्रवण करने से मन व विचारों का शुद्धिकरण होता है। उन्होंने बताया गणेश जी के दो पुत्र हैं शुभ और लाभ अगर व्यक्ति शुभ काम करता है तो लाभ होना निश्चित है। उन्होंने बताया अगर इंसान के पास रहने के लिए घर और आज्ञाकारी संतान है तो उसको भगवान में मन लगाना चाहिए। भागवत कथा श्रवण करने से मानव का आध्यात्मिक विकास होता है और पुण्य का भागी बनता है और परलोक भी सुधरता है। उन्होंने बताया त्रेता युग में रावण की सोने की लका थी लेकिन उसकी भगवान राम में आस्था न होने के कारण सोने की लंका राख बन गई थी। इस मौके पर विजय गर्ग, पवन गर्ग, संजीव बंसल, सुनील भसीन, आशुतोष गर्ग, रामकुमार सिंगल, हरपाल सैनी, सोम प्रकाश गुप्ता, श्वेता गर्ग, रेनू गुप्ता सहित काफी संख्या में भगत मौजूद रहे।

### बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा का शेड्यूल जारी



**कुरुक्षेत्र।** मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग तथा विकल्प संस्थान की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल में छुपी हुई प्रतिभाओं को खोजना है तथा राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले निर्धन परिवारों के विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने के लिए मजबूत आधार प्रदान करना है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है जिसके अंतर्गत 8 अप्रैल 2024 करनाल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का बिगुल बजेगा।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नवयुग स्कूल में विशेष सभा का किया आयोजन

## स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर बताया भोजन का महत्व

- स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य ग्लोबल स्तर के स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा चतुर्थ की छात्रा हर्षिता ने फलों का महत्त्व बताते हुए बहुत ही सुन्दर कविता प्रस्तुत कर के सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कक्षा अष्टम की छात्रा रिदम ने पौष्टिक भोजन की उपयोगिता को ध्यान में रखकर मेरा प्रिय भोजन विषय पर भाषण दिया। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा ने बताया कि हर साल दुनिया भर में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन विश्व भर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विषयों और स्वास्थ्य के अधिकार के बारे में जागरूक किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना दिवस के दिन मनाया जाता है। हर साल इस दिन के उपलक्ष्य में विश्व स्वास्थ्य संगठन ग्लोबल स्तर की स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करता है। हर साल की तरह इस साल भी विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024 के लिए एक विषय का चयन किया गया है. इस साल का थीम 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है। हर प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए इस थीम का चयन किया गया है। स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य ग्लोबल स्तर के स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और असमानताओं को दूर करके स्वास्थ्य समानता को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही हितधारकों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना और विश्व भर में स्वास्थ्य परिणामों में सुधार की प्रगति को उजागर करना है।

### इस बार स्वास्थ्य दिवस मनाने के लिए नई थीम चुनी

विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को संविधान लागू होने के बाद हुई. हालांकि, पहली बार विश्व स्वास्थ्य दिवस 22 जुलाई, 1949 को मनाया गया लेकिन बाद में लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए इसे 7 अप्रैल कर दिया गया। इसके बाद साल 1950 से विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक ने ऑगेनाईजेशन के सदस्य देशों और विश्व स्वास्थ्य संगठन कर्मियों की प्रस्तुतियों के आधार पर हर साल इस दिवस को मनाने के लिए एक-एक नया थीम चुना। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, अध्यापिका रिहाना, मधु, पूनम, आशा, अंजलि, कोमल, गीता, रीना, स्नेह, अध्यापक सुनील, शक्तिप्रकाश, ईशांत, जसमेर सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### घर से निकली विवाहिता हुई लापता

**बराड़ा।** गांव अधोया से एक विवाहिता के लापता हो जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अधोया मुसलमान के अनिल कुमार ने बताया कि उसकी शादी को तकरीबन आठ साल हो गये है। उसके पास दो बच्चे है। लडका 6 साल का है तो लडक़ी तीन साल की है। उसकी पत्नी दीक्षा (22) बीती 21 मार्च को घर से अपने मायके में गांव सुखनगरी (ढलौर) जाने की बात कहकर गई थी लेकिन वह आज तक अपने मायके नहीं पहुंची। जिसकी उन्होंने अपने तौर पर तलाश की लेकिन उसके बारे में कुछ भी पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी के मामले में तीसरा आरोपी किया काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार किया गयया है। आरोपी की पहचान मोनू के तौर पर हुई है। इस मामले में संलिप्त दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। शिकायतकर्ता विनोद कुमार ने 25 मई 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव हमीदपुर से इनवर्टर की बैटरी, जैक व बिजली तार चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### नागगिर अस्पताल में जरूरतमंदों को बांटे फल

**जींद।** मानव उत्थान सेवा समिति व मानव कल्याण आश्रम द्वारा शनिवार को सद्गुरू सतपाल महाराज की प्रेरणा से महात्मा संजीवनी बाई व सावित्री बाई के दिशा-निर्देशन में नागरिक अस्पताल में फल वितरित किए। समिति सदस्यों की अगुवाई डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला व डा. मनजीत ने की। महात्मा संजीवनी बाई व सावित्री बाई ने कहा कि संस्था अध्यात्मिक कर्म के अनुसार सामाजिक कार्य समय-समय पर करती है।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां गायब, केस

**जींद।** जिला में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 18 वर्षीय भतीजी घर से गायब हो गई।

### हर वर्ग का रखवाला है दुष्यंत चौटाला : गंगादत्त

**उचाना।** जेजेपी बीसी सेल के प्रधान गंगादत्त पांचाल ने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला हर वर्ग के रखवाले है। सत्ता में रहते हुए साढ़े चार साल तक हर वर्ग के हित में काम किए है। बीसी समाज को पूरा-सम्मान दुष्यंत चौटाला ने देने का काम किया है। गरीब व्यक्ति का हाथ पकड़ कर कोई उसकी सुनवाई कर सकता है तो वो स्व. देवीलाल की परछाई दुष्यंत चौटाला है।

### गाइड विंग ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**जींद।** हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वाधान में जिला संगठन आयुक्त गाइड विंग उषा गुप्ता के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया जो राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरां से शुरू किया गया।

---

जीएमएन कॉलेज में संपन्न हुई खेलकूद प्रतियोगिता

# खेलकूद में छात्रों ने दिखाया दम बलजिंद्र व रुचि बने बेस्ट एथलीट

### विजेताओं को प्राचार्य ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य व अन्य।

जीएमएन कॉलेज में शनिवार को खेलकूद विभाग, एनसीसीवाईआरसी, वुमेन सेल, एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में 54वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने हुनर की चमक बिखेरी। साथ ही शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। दत्त ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की । उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार को व अन्य विभाग के सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक है । खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही टीम भावना व प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है । उन्होंने कहा कि आने वाली युवा पीढ़ी के कंधे पर देश की बागडोर है ।युवाओं को नशे की तरफ न जाकर, खेलों व देश हित की ओर अग्रसर होना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन ही मानव जीवन की सफलता है। स्वस्थ रहने के लिए मानव जीवन का सक्रिय होना बहुत जरूरी है। पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में बलजिंदर सिंह ने प्रथम स्थान ,सुमित कुमार ने द्वितीय स्थान ,पंकज और समीर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में रुचि भट्ट में प्रथम स्थान, अवनीत ने द्वितीय स्थान ,रमणी और कृतिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में लांग जंप में बलजिंदर ने प्रथम स्थान ,पंकज ने द्वितीय स्थान, अमनदीप ने तृतीय स्थान हासिल किया एवं पुरुष वर्ग में शॉट पुट में अमनदीप ने प्रथम स्थान ,नीतीश ने द्वितीय स्थान एवं गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लांग जंप (महिला वर्ग) में रुचि भट्ट ने प्रथम स्थान, संजना राठौर ने द्वितीय स्थान एवं कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में शॉट पुट में संजना ने प्रथम स्थान ,भारती द्वितीय स्थान पर एवं आक्षी तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में बलजिंदर व महिला वर्ग में रुचि भट्ट ने बेस्ट एथलीट का खिताब हासिल किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कॉलेज डॉ.सीमा कंसल, डॉ. एसएस नैन, डॉ. एसके पांडे, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. कृष्ण पूनिया, राजेंद्र देशवाल, डॉ. अनुपमा सिहाग,डॉ. मीनू राठी, डॉ. अमिता, डॉ. कमलेश, डॉ. नीना, डॉ. पिंकी, डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. नीलम, डॉ. उपिंदर कौर, डॉ. मंजीत कौर सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---

# मतदान को लेकर छात्रों को किया प्रेरित

- भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




बराड़ा। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज की एनएसएस यूनिट की ओर से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई जिसका विषय युवाओं तथा भविष्य के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना था। कॉलेज की प्रबंधन समिति के महासचिव डॉ.वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि यह कार्यक्रम निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ राजश्री खरे ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के महासचिव ठाकुर व प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

### हत्या के प्रयास के मामले में चार और आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी तरूण, विशाल उर्फ गट्टू, अमित उर्फ गौरा व शिवा उर्फ पोगा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जोगी मंडी के गौरव ने 22 अक्तूबर 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी कर्ण, अर्नव, दीपक, महकदीप, तरूण, गौतम, अमित व शिवा ने रात्रि को बाल्मिकी बस्ती के पास उसे मारने की नीयत से चाकू, तलवार, गंडासी से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरंत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



बराड़ा। ग्रामीणों को रैली को न्यौता देते हुए सोनिया।

### महिलाओं को दिया सीएम की रैली का न्यौता

**बराड़ा।** भाजपा नेत्री सोनिया परोचा जिला महामंत्री महिला मोर्चा गांव जलूबी, अब्दुल्लागढ़, कसेरला, उगाला इत्यादि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों व महिलाओं को आगामी 8 अप्रैल 2024 को होने वाली सीएम नायब सैनी की रैली का न्यौता दिया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने पर रैली को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने अपने इस दौरे के दौरान भाजपा सरकार की कल्याणकारी नीतियों से ग्रामीणों को अवगत करवाया।

---

# युवती को लगाया 50 हजार का चूना

- ठग ने पहले युवती के पास कॉल करके बोला कि आपके पिता जी के 15 हजार रुपए ट्रांसफर करने हैं। यहीं से सिलसिला शुरू हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- बातों उलझाकर युवती का खाता किया खाली

युवती को फोन पर बातों में फंसा शातिर ठग ने 50 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। ठग ने पहले युवती के पास कॉल करके बोला कि आपके पिता जी के 15 हजार रुपए ट्रांसफर करने हैं। यहीं से सिलसिला शुरू हुआ और युवती से बार-बार ट्रांजेक्शन करा खाता खाली कर दिया। कैंट के चंद्रपुरी मच्छौंडा निवासी आरती ने बताया कि उसका यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में बचत खाता है। 8 फरवरी को मनोज नाम के ठग ने उसके पास कॉल की और बोला कि आप सीता राम जी की बेटी हो? आपके पिता जी ने आपके खाते में 15 हजार रुपए ट्रांसफर करने को कहा है।

आरती ने बताया कि शातिर ठग ने पहले तो उसके गूगल-पे पर 10 हजार रुपए ट्रांसफर किए, उसके बाद 5 हजार रुपए ट्रांसफर करने की बात कही। दूसरे नंबर पर उसकी ठग से बातचीत होती रही।

ठग ने उसे अपनी बातों में उलझाते हुए कहा कि आपके पास 5 हजार की बजाय गलती से 50 हजार रुपए ट्रांसफर हो गए हैं। युवती ने बताया कि फोन पर बातचीत जारी होने के कारण वह अपना गूगल-पे अकाउंट चेक नहीं कर पाई। ठग ने कहा कि वह अपने पिता जी के इलाज कराने के लिए अस्पताल में आया हुआ हूं। मेरे जो पैसे गलती से आपके खाते में ट्रांसफर हुए हैं, उस रकम को दोबारा भेज दें। उसने शातिर ठग की बातों में फंस पहले 20 हजार रुपए ट्रांसफर किए। उसके बाद फिर 25 हजार और आखिरी में 5 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

शाम तक उसका खाता खाली हो गया। युवती ने बताया कि उसी समय उसका मोबाइल भी रिसेट हो गया जिसकी वजह से ठग का मोबाइल भी डिलीट हो गया। जिस नंबर पर उसने गूगल-पे किया था वह नंबर बंद आ रहा है। खुद के साथ हुए फ्रॉड के बाद युवती ने पड़ाव थाना पुलिस को शिकायत सौंपी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बेरोजगारी पर नकेल कसेगी कांग्रेस, युवाओं को मिलेगी नौकरी

- पूर्व मंत्री निर्मल सिंह बोले न्यायपत्र के हरेक वादे को अमलीजामा पहनाएगी कांग्रेस सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मुख्य बाजार से होकर निकलते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने शनिवार को घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस कार्यक्रम की शुरूआत शहर के सैनी भवन से की। इस दौरान मुख्य बाजारों में निर्मल सिंह का फूल मालाओं के साथ भवय स्वागत किया गया। निर्मल सिंह ने कांग्रेस द्वारा जारी चुनावी घोषणापत्र की जमकर सराहना भी की।

उन्होंने कहा कि यह घोषणापत्र हर वर्ग के लिए न्याय और उचित भागीदारी सुनिश्चित करने का रोडमैप साबित होगा। इसलिए इसे न्यायपत्र का नाम दिया गया है। कांग्रेस सरकार बनने पर इस न्यायपत्र के सभी वादे को अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने इस बात को लेकर भी खुशी जाहिर की कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कमेटी ने पार्टी के उदयपुर और रायपुर महाधिवेशन में किसानों की स्थिति को सुधारने के लिए जो सुझाव दिए थे, उन्हें न्यायपत्र में स्थान मिला है। इसके लिए सिंह ने पार्टी हाईकमान व घोषणापत्र समिति का आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस ने किसानों की सबसे बड़ी मांग को मानते हुए कर्ज माफी और एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा किया गया है।

साथ ही हरेक गरीब परिवार की महिला को सालाना 1 लाख की मदद व मनरेगा मजूदरों को 400 रुपए रोज दिहाड़ी देने का ऐलान भी न्यायपत्र में शामिल है। उन्होंने बताया कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चली "भारत जोड़ो न्याय यात्रा" में युवा, किसान, नारी, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गई थी। उसी को जमीन पर उतारने के लिए पार्टी ने 25 गारंटियों को घोषणापत्र में स्थान दिया है। देश व प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर नकेल कसने के लिए पार्टी ने युवा न्याय ये तहत युवाओं को 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी दी गई है। साथ ही हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रूपया प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप की गारंटी, पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी, 5000 करोड़ के राष्ट्रीय कोष से ज़िला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी न्यायपत्र में शामिल है।

---

# कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में हर वर्ग के विकास का तैयार होगा रोडमैप

- कांग्रेस सरकार बनने पर इसके हरेक वादे को अमलीजामा पहनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



विधायक वरूण चौधरी।

कांग्रेस विधायक वरुण चौधरी ने कांग्रेस द्वारा जारी चुनावी घोषणापत्र की जमकर सराहना करी है। उन्होंने कहा कि यह घोषणापत्र हर वर्ग के लिए न्याय और उचित भागीदारी सुनिश्चित करने का रोडमैप साबित होगा। इसलिए इसे न्यायपत्र का नाम दिया गया है। कांग्रेस सरकार बनने पर इसके हरेक वादे को अमलीजामा पहनाया जाएगा। वरुण चौधरी ने इस बात को लेकर भी खुशी जाहिर की कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कमेटी ने पार्टी के उदयपुर और रायपुर महाधिवेशन में किसानों की स्थिति को सुधारने के लिए जो सुझाव दिए थे, उन्हें न्यायपत्र में स्थान मिला है। इसके लिए वरुण चौधरी ने पार्टी हाईकमान व घोषणापत्र समिति का आभार व्यक्त किया है।

कांग्रेस ने किसानों की सबसे बड़ी मांग को मानते हुए कर्ज माफी और एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा किया गया है। साथ ही हरेक गरीब परिवार की महिला को सालाना 1 लाख की मदद व मनरेगा मजूदरों को 400 रुपए रोज दिहाड़ी देने का ऐलान भी न्यायपत्र में शामिल है।

# घर बैठे वोट बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप बेहद कारगर

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है। निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर है । इसके जरिए 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लांच की गई है जिसके जरिए चुनाव लडऩे वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में चुनाव प्रक्रियाओं को भी डिजिटल करने का अहम कार्य चुनाव आयोग ने किया है। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप के जरिए आम नागरिक उम्मीदवार के बारे में तमाम जानकारियां प्राप्त कर सकता है। इस एप में उम्मीदवार द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को दिए गए नामांकन पत्र को अपलोड किया जाता है। इससे कोई भी आम नागरिक अपने मोबाइल पर देख सकता है। इस एप के जरिये उम्मीदवार के आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति और शिक्षा व अन्य जानकारी हासिल की जा सकती हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने के लिए सी-विजल ऐप भी एक महत्वपूर्ण एप है। सी विजिल एप की मदद से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। इसमें फोटो, वीडियो और ऑडियो अपलोड करके शिकायत दर्ज होने की सुविधा है। शिकायत प्राप्त होने के बाद उसका 100 मिनट के अंदर निस्तारण किया जाता है।

# 1.22 लाख प्रॉपर्टी आईडी आधार से होगी लिंक

- नगर निगम की ओर से शुरू की गई कार्रवाई, 20 हजार से ज्यादा आईडी हो चुकी हैं लिंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम सभी प्रॉपर्टी आईडी को आधार कार्ड से लिंक कर रहा है। प्रॉपर्टी आईडी लिंक होने के बाद प्रॉपर्टी लॉक हो जाएगी। इसके बाद कोई भी प्रॉपर्टी आईडी से छेड़छाड़ नहीं कर सकेगा। नगर निगम के कर्मचारी लोगों से संपर्क साधकर प्रॉपर्टी को आधार कार्ड से जोड़ने का काम कर रहे हैं। अभी तक जिन लोगों ने अपनी प्रॉपर्टी आईडी ठीक कराई है या जिन्होंने प्रॉपर्टी टैक्स भरा है, निगम ने उनकी प्रॉपर्टी को आधार कार्ड से जोड़ दिया है, लेकिन एक लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी अभी भी ऐसी हैं, जिन्हें लिंक नहीं किया गया। यही वजह है कि अभी तक निगम प्रॉपर्टी को पूरी तरह से लिंक नहीं कर पाया। प्रॉपर्टी लिंक होने से कोई भी व्यक्ति प्रॉपर्टी आईडी को नहीं खोल सकता, जबकि अभी तक कोई भी व्यक्ति प्रॉपर्टी आईडी पोर्टल पर डालकर किसी की भी प्रॉपर्टी का पूरा ब्यौरा देख सकता था। साथ ही प्रॉपर्टी आईडी में डाटा गलत तरीके से फीड कर सकता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इसलिए प्रॉपर्टी आईडी में कोई त्रुटि नहीं मिलेगी। सबसे खास बात यह है कि जब भी प्रॉपर्टी टैक्स भरने में छूट मिलेगी, वह सीधे मिलेगी। नगर निगम एरिया में 1.22 लाख प्रॉपर्टी हैं। इनमें से करीब 2 माह में नगर निगम 15 हजार प्रॉपर्टी को ही आधार कार्ड से लिंक कर पाया है, जबकि अन्य प्रॉपर्टी को लिंक करने का काम किया जा रहा है।

---

### लोकसभा चुनाव के लिए 31 सदस्यीय कमेटी का गठन, ललित चौधरी को प्रमुख बनाया गया

**अंबाला।** पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से विचार-विमर्श के उपरांत लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा द्वारा छावनी में 31 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया है। भाजपा नेता ललित चौधरी को चुनाव समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है। विज के आवास पर भाजपा नेताओं की बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनावों के लिए 31 सदस्यीय समिति गठित की गई। सर्वसम्मति से भाजपा नेता ललित चौधरी को प्रमुख चुना गया। समिति में भाजपा नेता विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, श्याम सुंदर अरोड़ा, फकीरचंद सैनी, रामबाबू यादव, नरेंद्र राणा, सोम चोपड़ा, जसबीर जस्सी, ललित चौधरी, सुरेंद्र बिंद्रा, ओम सहगल, बलकेश वत्स, मदनलाल शर्मा, प्रमोद लक्की, राज कुमार राजा, सुभाष शर्मा, राजीव जैन, नरेश शर्मा, रवि चौधरी, पुनीत सरपाल, विजय गुप्ता, नीलम शर्मा, किरपाल अरोड़ा, सतपाल ढल, बलविंद्र सिंह शाहपुर, रणधीर सिंह, सुदर्शन सिंह सहगल शामिल हैं।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### यातायात नियमों की अवहेलना करने का आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र एनडीआई प्लाजा नेशनल हाइवे-44 के पास ट्रक को लापरवाही व तेज गति से चलाने तथा लेन चेंज कर यातायात के नियमों की अवहेलना करने के मामले में पुलिस ने आरोपी चमकौर सिंह को शामिल जांच किया है।

पांच अप्रैल 2024 को नेशनल हाईवे-44 के पास आरोपी चमकौर सिंह ने अपने ट्रक को लापरवाही व तेज गति से चलाने तथा लेने चेंज कर यातायात के नियमों की अवहेलना करने का अपराधिक कार्य किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

परिवहन मंत्री ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई

# मोदी की स्थिति बेहद मजबूत, 400 पार करेगा एनडीए गठबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। पार्टी के स्थापना दिवस पर झंडा फहराते हुए मंत्री असीम गोयल।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को स्थापना दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में अंबाला शहर में हरियाणा के परिवहन व महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास पर कार्यकर्ताओं व भाजपा पार्षदों के साथ पार्टी का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया।

गोयल ने अपने निवास पर भाजपा का झंडा फहराने के बाद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ के बाद भाजपा की स्थापना हुई थी। यह पार्टी 18 करोड़ सदस्यों वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि यह हमारे नेताओं का समर्पण,विचारों के प्रति हमारी दृढ़ता और कार्यकर्ताओं के संघर्ष का नतीजा है। मौके पर परिवहन मंत्री असीम गोयल ने विपक्ष पर भी तंज कसे। पत्रकारों द्वारा 400 पार के लक्ष्य को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 2014 में यूपीए के कुशासन के बाद 282 सीटें हमारी आई थी। इसके बाद विरोधियों ने 2019 में यह कहना शुरू किया कि मोदी के गुब्बारे की हवा निकल चुकी हैलेकिन 2019 में हमारी सीटें बढ़कर 303 हो गई। अब भी विपक्ष मोदी की मजबूती से डरा हुआ है। पूरा विपक्ष एक हो गया है। गोयल ने कहा कि जो विपक्षी एक दूसरे को पानी पी पी कर कोसते थे वो सब एक हैं। जिससे साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी काफी मजबूत स्थिति में हैं। इस बार एनडीए के नाते हम 400 पार जरूर करेंगे। भाजपा 370 तक का आंकड़ा जरूर छुएगी। इस अवसर पर निगम सदस्य हितेश जैन, यतिन बंसल, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सैनी, गुरविंदर सिंह, प्रीतम सिंह गिल, दिनेश लदाना, सुरेश सहोता, विनीश वरमानी, संजीव गोयल टोनी, राजेश गुप्ता, मोहन अग्रवाल मौजूद रहे।



विश्व स्वास्थ्य दिवस आज

हेल्दी रहने के लिए अच्छा पौष्टिक भोजन, व्यायाम और आसन करना तो जरूरी है ही, साथ ही मन से आनंदित रहना भी जरूरी है, तभी आप स्वस्थ, खुश और संतुष्ट रह सकते हैं। मन से आनंदित रहने के लिए आपको अपनी जीवनशैली में दस फंडों को अपनाना होगा। आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हम आपको बता रहे हैं, इन्हीं दस फंडों के बारे में।


# जिंदगी के मकान में जरूर हों ये 10 कमरे

जीवनशैली / शिखर चंद जैन

हम में से अधिकतर लोग सोचते हैं कि भरपूर धन-दौलत से ही आसानी से जिंदगी में स्वस्थ रह सकते हैं, खुशी महसूस कर सकते हैं। लेकिन ऐसा पूरी तरह सच नहीं है। दर्जनों प्रेरक पुस्तकें लिखने वाले विद्वान लेखक डॉ. फ्रैंक क्रेन ने अच्छी सेहत और खुशहाल जिंदगी पाने के अचूक नुस्खे एक लेख में बताए हैं। यह लेख 'द अमेरिकन मैगजीन' में करीब सौ साल पहले (1920 के आस-पास) छपा था। इस लेख में उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित कई अनमोल सूत्र बताए हैं।

**कला से लगाव :** यह दुनिया खूबसूरत चीजों से भरी हुई है। लेकिन उस खूबसूरती का लुत्फ उठाना आप तभी सीख पाएंगे, जब आपको कला की समझ होगी। इसलिए कला से लगाव बढ़ाएं। जब आप कला की कद्र करने लगेंगे तो आपको इससे ऐसी खुशी मिलने लगेगी, जैसी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होने पर मिलती है। चित्रकला हो, काष्ठकला या मूर्तिकला जिसमें आपका मन रमे, उसमें कुछ समय जरूर दें।

**साहित्य से प्रेम :** जिसे साहित्य पढ़ने में रुचि होती है, उसे इसमें ढेर सारी खुशी और ज्ञान प्राप्त होता है। इसमें रुचि लेने से वैचारिक स्तर पर आप समृद्ध होते जाएंगे। साहित्य से प्रेम करेंगे, तो आपको जीवन से प्रेम होने लगेगा और ताजगी महसूस करने लगेंगे।









**संगीत का आनंद :** डॉ. फ्रैंक के अनुसार जिसे संगीत से प्यार नहीं, वो दुनिया का सबसे गरीब आदमी कहा जा सकता है। जिंदगी में सुर और ताल बनाए रखने के लिए संगीत में रुचि बहुत कारगर साबित होती है। यकीन करें, अगर आप अपनी आत्मा को संगीत से सींचेंगे तो आपको आलौकिक आनंद महसूस होने लगेगा।

**घुमक्कड़ी का शौक :** शहरों में रहने वाले अधिकतर लोग दिन हो या रात चारदीवारी में ही घिरे रहते हैं। अधिकांश समय खुली, ताजा हवा में सांस नहीं ले पाते। स्वस्थ रहना है तो खुला आसमान, हरियाली भरे जंगल, जीवंतता के प्रतीक झरने आदि का आनंद उठाना सीखें। कभी खुले आसमान के नीचे लेट कर आकाश के तारे निहारें, हरी दूब पर लेटें, ताजा हवा के झोंकों में खुद को खुला छोड़ दें, पहाड़ों की गोद में यूं ही घूमने चले जाएं, फिर देखिए कैसी खुशी मिलती है!

**संवेदनशील मन:** संवेदनशील बनना भी स्वस्थ रहने के लिए बहुत कारगर है। हृदय के दरवाजे हमेशा खोल कर रखें। दूसरों के सुख-दुख को महसूस करें और उनमें शरीक हों। स्नेह, प्यार, मित्रता, रिश्ते आदि सुख और खुशी देते हैं। इससे मन में सकारात्मकता बढ़ती है, जो स्वस्थ रहने में बहुत मददगार होती है।

**बच्चों से जुड़ाव :** अपने जीवन को सेहतमंद और खुशहाल बनाने के लिए बच्चों से जुड़ना भी बहुत प्रभावी होता है। बच्चे जिंदगी के मकान का बेहद अहम हिस्सा होते हैं। इनसे जुड़ेंगे तो आप रोजमर्रा के अपने दुख-दर्द भूल जाएंगे।

**खेलकूद में रुचि :** क्या आप अखबार में आने वाले स्पोर्ट्स पेज को पढ़ते हैं? चेस, टेनिस, क्रिकेट कोई भी खेल खेलते हैं? अगर नहीं तो आपको पता होना चाहिए कि जो लोग खेलकूद पसंद नहीं करते, वे स्वास्थ्य और खुशी की दृष्टि से दुनिया के गरीब लोगों में शुमार होते हैं। अगर आप खेलते हैं या खेलकूद की गतिविधियों में दिलचस्पी रखते हैं, तो आप जीवन के कठिन दौर में भी खुश रहने की कला सीख लेंगे।

**आनंद की अनुभूति :** अपनी दिनचर्या की छोटी-छोटी चीजों में आनंद ढूंढने की आदत आपको बहुत खुश और स्वस्थ बना सकती है। अपने बिस्तर की नरमी, भोजन का स्वाद और सुगंध, कपड़ों के रंग और डिजाइन, नंगे पांव मिट्टी पर चलने, ऑफिस की चाय, घर से दफ्तर तक का सफर, स्नान से मिलने वाली ऊर्जा और शांति आदि सब में आनंद के पल ढूंढे जा सकते हैं। शुरुआत में भले कुछ असहज लगे लेकिन कुछ समय बाद आप जीवन के हर पल में आनंद महसूस करने लगेंगे।


**ईश्वर में आस्था :** अध्यात्म और ईश्वरीय शक्ति में आस्था सचमुच सुकून और राहत देती है। ईश्वर में आस्था आपको सकारात्मकता और ऊर्जा से भर देती है। जो लोग प्रार्थना, अध्यात्म, सुपर नेचुरल पावर आदि की ताकत महसूस करते हुए भी खुद को बुद्धिजीवी करार देने के लिए इनसे दूर रहते हैं, वे सचमुच जीवन के आनंद से महरूम रहते हैं।



**अपने काम से प्यार :** हम सब को जीविका के लिए कोई न कोई काम करना पड़ता है। लेकिन हममें से ज्यादातर काम को बोझ समझते हैं। जरा सोचकर देखिए कि अगर आप काम में व्यस्त नहीं रहते, हर रोज संघर्ष न करते, मन में कोई लक्ष्य न होता, किसी से कोई आशा न होती तो आपकी जिंदगी कितनी रीती और सूनी होती? यकीन नहीं होता, तो दो-तीन दिन बिना कुछ किए घर में पड़े रहकर देखें, कितना उदास और बीमार महसूस करने लगेंगे, इसलिए प्रोफेशन का आनंद उठाएं। इसे एंज्वॉय करेंगे तो कभी भी वर्क प्रेशर महसूस नहीं होगा और आप स्ट्रेस, टेंशन, एंग्जाइटी से मुक्त रहते हुए स्वस्थ जीवन जिएंगे। *

# मेडिकल केयर से अधिक लाभकारी है सेल्फ केयर

यह सही है कि बीमार होने पर हमें मेडिकल केयर की जरूरत पड़ती है। लेकिन सवाल है कि हम बीमार ही क्यों पड़ते हैं? अगर हम अपनी जीवनशैली के साथ आहार में समुचित बदलाव कर लें और सेल्फ केयर करें तो मेडिकल केयर की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।



आत्मप्रेरणा / राजयोगी बीके निकुंज

भगवान गौतम बुद्ध की उक्ति है-स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है, संतोष सबसे बड़ा धन है, वफादारी सबसे बड़ा संबंध है। इसी से समझा जा सकता है कि अच्छे स्वास्थ्य का हम सभी के जीवन में कितना महत्व होता है? जिसका शरीर स्वस्थ है, वही स्वस्थ कार्य कर सकता है। इसीलिए तो हम हमेशा अपने प्रियजनों के लिए खुशी और स्वास्थ्य की कामना रखते हैं, क्योंकि कोई भी व्यक्ति बीमार होकर अपनी मेहनत की कमाई को डॉक्टर और दवाइयों पर जाया करना नहीं चाहता। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य वास्तविक रूप से तभी स्वस्थ कहलाता है, जब वह स्वयं को मानसिक, भौतिक, भावात्मक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक स्तर पर स्वस्थ अनुभव करे। दुर्भाग्य से आज के आधुनिक जगत की इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास पर्याप्त समय ही नहीं होता कि वे अपने स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर कराते रहें। इसलिए कुछ लोग स्वस्थ दिनचर्या को अपनाकर रोगों से दूर रहने की कोशिश करते हैं, किंतु उनका यह प्रयास अनेक प्रकार के सामाजिक दबाव के कारण उतना सफल नहीं हो पाता है, अंततोगत्वा निराश होकर वे अस्वस्थ जीवनशैली को अपना लेते हैं। हम यह अकसर भूल जाते हैं कि मां प्रकृति ने हमें, हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सब कुछ प्रदान किया है। जरूरत है एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने की।



**दवाओं पर कम करें निर्भरता:** आज, दवा की गोलियां, कैप्सूल अधिकतर लोगों के जीवन का हिस्सा बन गए हैं। इसकी वजह यह है कि समय की कमी और व्यस्त जीवनशैली के कारण हम हमेशा स्वयं की देखभाल यानी कि 'सेल्फ केयर' की तुलना में चिकित्सा यानी कि 'मेडिकल केयर' को अधिक पसंद करते हैं। हम जंक फूड, जरूरत से ज्यादा खाना, व्यायाम और उचित आराम न करना, भावनात्मक अस्थिरता, धूम्रपान और मद्यपान जैसी अनेक गलत आदतों के जाल में इस कदर फंसे हुए हैं कि हमें इस बात का एहसास तक नहीं होता कि इन सभी आदतों का हमारे स्वास्थ्य पर खतरनाक प्रभाव पड़ रहा है। तो फिर क्यों न एक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाया जाए? पर क्या यह इतना सरल है? जी हां! बिल्कुल सरल है।

**जीवनशैली में करें सुधार:** यदि अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए हम कुछ छोटे-मोटे परिवर्तन अपनी दिनचर्या में लाएं तो हम एक समग्र संतुलित स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। मसलन, जल्दी सोना और जल्दी उठना, इस आदत को यदि हम गंभीरता से अपना लें, तो प्रातःकाल से लेकर रात्रि तक हमारा दिन बहुत अच्छा बीतेगा। इसी प्रकार से सुबह को या शाम को यदि हम कुछ हल्का-फुल्का व्यायाम, जैसे कि सैर, जॉगिंग आदि को सिर्फ आधा घंटा कर लें, तो हम एक नई स्वस्थ पहल कर सकते हैं।

**पौष्टिक भोजन का सेवन:** पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, आरोग्य का सबसे मुख्य भाग है, संतुलित आहार। जी हां! डाइटिंग के नाम पर अपने को भूखा रखना हानिकारक सिद्ध हो सकता है, इसके बजाय अपनी भोजन शैली में व्यावहरिक परिवर्तन कर सारे पौष्टिक तत्वों से भरपूर भोजन लेने के नियम का पालन करना और यदा-कदा रूप में कुछ भी खा लेने की आदत से बचना ज्यादा हितकारक है।

**ध्यान का सकारात्मक प्रभाव:** पिछले कुछ वर्षों में किए गए चिकित्सा अनुसंधानों के द्वारा यह तथ्य सामने आया है कि 'अध्यात्म', मानव चरित्र का एक ऐसा महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो उसके भावनात्मक पक्ष को प्रभावित करता है, अतः उसकी उपेक्षा करना नुकसानकारक सिद्ध हो सकता है। इसीलिए विश्व भर के चिकित्सक आज दवाई के साथ-साथ अपने मरीजों को ध्यान (मेडिटेशन) करने की राय देते हैं, क्योंकि उनका यह स्पष्ट मानना है कि ध्यान के द्वारा मनुष्य अपने दिन-प्रतिदिन की नकारात्मकता से दूर रह सकता है और वह उनके शारीरिक स्वास्थ्य के बेहतरी में भी सहायक होगा। याद रहे! अपनी केयर खुद करें ताकि मेडिकल केयर से बचे रहें। *

पर्व-संस्कृति / डॉ. घनश्याम बादल

आगामी मंगलवार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्र और नवसंत्सर का शुभारंभ हो रहा है। इस तिथि का जितना प्राकृतिक, ज्योतिषीय और धार्मिक महत्व है, उतना ही सांस्कृतिक महत्व भी है। इससे जुड़ी पौराणिक-सांस्कृतिक महत्ता पर एक दृष्टि।

# नवसंवत्सर 2081 नवारंभ का सांस्कृतिक उत्सव




हिंदू कैलेंडर के अनुसार हर साल चैत्र प्रतिपदा से नया विक्रम संवत शुरू हो जाता है। एक बार फिर कालचक्र के परिवर्तन के साथ नववर्ष दस्तक दे रहा है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी 9 अप्रैल मंगलवार से नव विक्रम संवत्सर 2081 आरंभ हो रहा है। साथ ही इस दिन से ही चैत्र नवरात्र भी आरंभ हो रहे हैं।

**ज्योतिषीय-पौराणिक मान्यताएं:** ज्योतिषीय पंचांग के अनुसार नव संवत्सर 2081 का नाम क्रोधी और पंचांग भेद से इसका नाम कालयुक्त है। इसका राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे। ज्योतिष के अनुसार इस वर्ष ग्रहों के दशाधिकार में सात विभाग क्रूर ग्रहों को और तीन शुभ ग्रहों को मिले हैं। मंगल के राजा और शनि के मंत्री होने से इस वर्ष के उथल-पुथल भरा रहने की आशंका है। मान्यता है कि नए संवत्सर में ब्रह्मांड में नई व्यवस्था का गठन भी होता है। मान्यता यह भी है कि ब्रह्मा जी ने सृष्टि का आरंभ इसी तिथि से किया था। यह भी माना जाता है कि सबसे पहले सतयुग का प्रारंभ इसी तिथि यानी चैत्र प्रतिपदा से हुआ था। यह तिथि सृष्टि के कालचक्र प्रारंभ और पहला दिन भी माना जाता है। इसी दिन भगवान विष्णु ने दशावतार में से पहला मत्स्य अवतार लेकर प्रलयकाल में अथाह जलराशि में से मनु की नौका को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया था। प्रलयकाल समाप्त होने पर मनु से ही नई सृष्टि की शुरुआत हुई। हिंदू विक्रम संवत, अंग्रेजी कैलेंडर के वर्ष से 57 वर्ष आगे होता है। चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा तिथि से अगले 9 दिनों तक देवी दुर्गा की उपासना का महापर्व नवरात्र भी आरंभ होता है।

**सांस्कृतिक धरोहर :** राष्ट्रीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के प्रतीक की शुरुआत इस चैत्र नवरात्र से ही होती है। महाराष्ट्र में इस दिन को गुड़ी पड़वा और दक्षिण भारत में इसे उगादि के रूप में मनाया जाता है।

**शुक्ल पक्ष से आरंभ होता नववर्ष:** यह नववर्ष किसी जाति, वर्ग, देश, संप्रदाय का नहीं अपितु संपूर्ण मानवता का नववर्ष है। यह पर्व विशुद्ध रूप से भौगोलिक पर्व है, क्योंकि प्राकृतिक दृष्टि से भी इस दौरान वनस्पतियों, फूलों और पत्तियों में भी नयापन दिखाई देता है। हिंदू कैलेंडर में कुल 12 माह होते हैं- चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन। हिंदू कैलेंडर के सभी महीने नक्षत्र के नाम पर रखे गए हैं। पूर्णिमा तिथि पर जो नक्षत्र रहता है, उसी नक्षत्र के नाम पर हिंदी महीनों के नाम रखे गए हैं। जैस चैत्र का महीना चित्रा नक्षत्र के नाम पर रखा गया है, इसी प्रकार वैशाख, विशाखा के नाम पर, ज्येष्ठ, ज्येष्ठा नक्षत्र के नाम पर रखा गया है। एक प्रश्न यह उठता है कि चैत्र महीना हिंदू नववर्ष का पहला महीना होता है, जो होली के बाद शुरू हो जाता है। यानी फाल्गुन पूर्णिमा तिथि के बाद चैत्र कृष्ण प्रतिपदा लग जाती है फिर भी उसके 15 दिन बाद नया हिंदू नववर्ष क्यों मनाया जाता है? इसका उत्तर यह है कि हिंदू पंचांग के अनुसार कृष्ण पक्ष, पूर्णिमा से अमावस्या तिथि के 15 दिनों तक रहता है और कृष्ण पक्ष के इन 15 दिनों में चंद्रमा धीरे-धीरे लगातार घटने के कारण पूरे आकाश में अंधेरा छाने लगता है। सनातन धर्म का आधार हमेशा अंधेरे से उजाले की तरफ बढ़ने का रहा है यानी 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'। इसी वजह से चैत्र माह के लगने के 15 दिन बाद जब शुक्ल पक्ष लगता है तभी प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष मनाया जाता है। अमावस्या के अगले दिन शुक्ल पक्ष लगने से चंद्रमा हर एक दिन बढ़ता जाता है, जिससे कालक्रम अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ता है।

**क्या है प्रतिपदा:** हिंदू पंचांग की प्रथम तिथि प्रतिपदा कही जाती है। यह तिथि मास में दो बार आती है पूर्णिमा के पश्चात और अमावस्या के पश्चात। पूर्णिमा के पश्चात आने वाली प्रतिपदा को कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और अमावस्या के पश्चात आने वाली प्रतिपदा को शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा कहा जाता है। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से चंद्रमा पूर्णता की ओर बढ़ता है, अतः इसे प्रतिपदा कहते हैं। शुक्ल पक्ष में सूर्य और चंद्र का अंतर 0 से 12 डिग्री तक होता है, जबकि कृष्ण पक्ष में सूर्य और चंद्र का अंतर 181 से 192 डिग्री तक होता है, तब प्रतिपदा तिथि होती है। कृष्ण प्रतिपदा को चंद्रमा की प्रथम कला होती है। शुक्ल पक्ष प्रतिपदा में चंद्रमा अस्त रहता है। कृष्ण पक्ष प्रतिपदा में स्थिति एकदम विपरीत होती है। कृष्ण प्रतिपदा में चंद्र अपने ह्रास की ओर बढ़ता है। अतः कह सकते हैं कि हिंदू संस्कृति में नया वर्ष आनंददायक भाव के साथ शुरू किया जाता है। *

शुभकामना गीत / शिवचरण चौहान

## नव संवत्सर मंगलमय हो !



भारत के जन-जन की जय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमारी।
नए वर्ष की शुभ तिथि प्यारी।।
भारत की सर्वत्र विजय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।
ऋतु बसंत पावन, मनभावन।
चैत्र मास नव मास सुहावन।।
महाराज विक्रम की जय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।
पूरित शस्य धरा अति पावन।
नव पल्लव फल-फूल सुहावन।।
ग्रह नक्षत्र शुभ मंगलमय हो।
भारत के जन-जन की जय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।

कहानी

रेखा शाह आरबी

# लाल गमछा



रामदीन रोज रेल की पटरियों के किनारे वाले जंगल में अपनी बकरियां चराने ले जाता था। यहां बड़ी-बड़ी और मुलायम घास बकरियों को आसानी से उपलब्ध हो जाती थी। रामदीन पढ़ा-लिखा नहीं था। बचपन में मात्र चार-पांच दिन ही स्कूल गया था। उसका स्कूल में मन नहीं लगा तो स्कूल जाना छोड़ दिया। उसने घर में अपनी बकरियों को चराने की जिम्मेदारी ले ली।

उस दिन बकरियां जंगल में घास चर रही थीं। रामदीन कोई गीत गुनगुनाते हुए पटरियों के किनारे टहल रहा था। अचानक उसकी नजर रेल की टूटी पटरी पर पड़ी। वह चौंका, 'हे भगवान! यहां तो रेल की पटरी टूटी हुई है। रेल आएगी तो दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगी।'

रामदीन ने सोचा गांव जाकर लोगों को खबर करे, लेकिन गांव दूर था। दोपहर बाद शाम शुरू होते ही आने वाली ट्रेन का टाइम हो रहा था। वह सोच में पड़ गया, यदि ट्रेन आ गई तो भयंकर दुर्घटना हो जाएगी। ना जाने कितनी जानें चली जाएंगी, कितने लोग हताहत हो जाएंगे। दोपहर खत्म हो रही थी। ठीक इसी समय ट्रेन आती थी, रामदीन को पता था। क्योंकि रोज वह बकरियों को चराकर इसी समय अपने गांव की ओर वापस लौटता था। वह जाती हुई उस ट्रेन के यात्रियों को हाथ हिलाकर अभिवादन करता था। यात्री भी उसे इस तरह हाथ हिलाते देखकर मुस्कुराते हुए अपने हाथ हिलाकर उसके अभिवादन का जवाब देते थे।

रामदीन का दिमाग सुन्न हो रहा था। उसे समझ में नहीं आ रहा था, करे तो क्या करे? कैसे ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाए? उसे अचानक याद आया, जब वह बचपन में चार-पांच दिन के लिए स्कूल गया था तो मास्टर जी ने बच्चों को बताया था कि यदि आपातकाल में कभी ट्रेन रुकवानी पड़े तो तुम किसी भी लाल रंग के कपड़े को ट्रेन के ड्राइवर को दिखाओ, ड्राइवर ट्रेन रोक देगा, क्योंकि लाल रंग खतरे का प्रतीक होता है। ड्राइवर समझ जाएगा कि आगे कहीं कुछ खतरा है, इसलिए ट्रेन रुकने का इशारा किया जा रहा है।

रामदीन ने अपने कपड़े देखे। उसने देखा, गले में लाल रंग का गमछा पड़ा हुआ है। उसने अपने डंडे में गमछे के दोनों सिरों को बांधा और पटरी के पास खड़ा हो गया। कुछ ही देर में उसे दूर से ट्रेन के आने की आवाज सुनाई दी। वह डंडे में बंधे लाल गमछे को हिलाते हुए ट्रेन की दिशा में दौड़ पड़ा।

ड्राइवर ने दूर से ही देख लिया था, एक व्यक्ति लाल रंग का कपड़ा लहराते हुए ट्रेन की तरफ आ रहा है। वह समझ गया कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है, उसने ट्रेन रोक दी।

ट्रेन रुकने के बाद ड्राइवर, गार्ड, टीटी और कुछ यात्री उतर कर रामदीन के पास आए। उसने सबको ट्रेन की टूटी पटरी दिखाई। टूटी पटरी देखकर लोग दंग रह गए। ड्राइवर बोला, 'आपने एक बहुत बड़ी दुर्घटना होने से बचाई है, लोगों की जान बचाई है।'

तुरंत स्टेशन से इंजीनियरों की टीम बुलाकर पटरियों की मरम्मत करवाई गई। ट्रेन जब अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई तो टीटी, ड्राइवर, गार्ड और यात्रियों ने हाथ हिलाकर रामदीन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

शाम होते ही रामदीन अपनी बकरियों को लेकर घर आ गया। रात को जब रामदीन अपनी खाट पर सोने के लिए लेटा तो सोच रहा था- 'मैं जब चार-पांच दिन स्कूल गया तो मुझे इतना ज्ञान मिल गया कि एक ट्रेन के कितने सारे लोगों की जान बचा ली। अगर लंबे समय तक शिक्षा ग्रहण की होती तो मैं ना जाने कितने और बड़े-बड़े काम करने के लिए समक्ष हो जाता।'

उसी रात रामदीन ने मन ही मन संकल्प लिया कि वह तो अनपढ़ रह गया, लेकिन अपने बच्चों को अनपढ़ नहीं रहने देगा। जल्द ही अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला कराएगा। *

खरी-खरी / अशोक अंजुम

## चुनावी मौसम में




बेईमानी, झूठ के सब कारखाने चल पड़े।
लो सभी नेता स्वयं को आजमाने चल पड़े।
जो सदा करते रहे बातें उजालों की यहां,
वे तिमिर के वंशजों के गीत गाने चल पड़े।
आ गया मतदान का मौसम, 'रे पंछी जाग जा'
फिर शिकारी वायदों के लेके दाने चल पड़े।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि
अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।
यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



इस सृष्टि की संपूर्ण शक्ति की स्रोत आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का पर्व नवरात्र, आगामी मंगलवार से आरंभ हो रहे हैं। इस दौरान प्रकृति भी अपना पुराना आवरण त्याग कर नया स्वरूप धारण करती है। ऐसे संक्रांति काल में पवित्र मन से उपासना करने पर मां शक्तिस्वरूपा की कृपा अवश्य प्राप्त होती है।

# चैत्र नवरात्र शक्ति की कामना का उत्सव

आस्था / सरस्वती रमेश

धार्मिक ही नहीं ज्योतिष की दृष्टि से भी चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दौरान सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। यह अपनी आत्मशक्ति को जागृत करने और सात्विक गुणों को विकसित करने के लिए सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। नवरात्र में हम देवी के नौ रूपों की अर्चना करते हैं। असल में ये नौ रूप हमारी विभिन्न मनोदशाओं के परिष्कार, उनकी शुद्धि से जुड़े हुए हैं। तरह-तरह की तामसिक प्रवृत्तियां हम सब के इर्द-गिर्द विचरण करती रहती हैं। नवरात्र के दौरान किया जाने वाला तप, उपवास हमें इन नकारात्मक ऊर्जा से मुक्त कर शुद्ध और सृजनशील बनाता है। इसलिए चैत्र नवरात्र को आध्यात्मिक साधना से शक्ति अर्जित करने का सबसे उपयुक्त समय माना जाता है।

## संपूर्ण सृष्टि की स्रोत आदिशक्ति

यह संपूर्ण सृष्टि, शक्तिस्वरूपा में निहित सृजनात्मकता का प्रतिफल है। इस सृजनात्मकता का आरंभ आदिशक्ति से माना जाता है। हमारी पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस सृष्टि के सृजन के लिए आदिशक्ति के अंश स्वरूप ब्रह्मा, विष्णु और शिव की उत्पत्ति हुई थी, जिन्होंने इस ब्रह्मांड की परिकल्पना की। नवरात्र पर्व स्त्री शक्ति की इसी सृजनात्मकता और उसके अनगिन रूपों की आराधना का पर्व है। आदिशक्ति संसार की सभी शक्तियों का केंद्र बिंदु हैं। इसलिए नवरात्र में देवी की उपासना से हमें मानसिक, आध्यात्मिक हर तरह की शक्ति प्राप्त हो सकती है। हमारी वैदिक संस्कृति के अनुसार प्रत्येक नारी अपने आप में दैदीप्यमान ज्योतिर्मयी सत्ता है। यानी आदिशक्ति का ही प्रतीक रूप। अपने भीतर की शक्ति को जागृत करने के लिए आदिशक्ति से शक्ति की कामना का ही पर्व है नवरात्र।

## उपवास से उपासना

नवरात्र के नौ दिन साधना और संयम के साथ आत्मजागरण करने का अवसर होता है। बिना संयम और चित्त पर नियंत्रण किए साधना नहीं की जा सकती। चित्त के हठीले संस्कार, लोभ, ईर्ष्या, जड़ता, भय जैसी नकारात्मक शक्तियां हमारे आगे बढ़ने की राह में सबसे बड़ी बाधा होती हैं। इनसे पार पाने के लिए नियमित साधना आवश्यक है। नवरात्र के दौरान किए जाने वाले उपवास से इस साधना पथ पर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। साधना हमारे भावनात्मक संतुलन को साधती है। आंतरिक शक्ति का विस्तार कर संकल्पों को साकार करने में मदद करती है। मानसिक विकारों को दूर करती है और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के लिए सात्विक शक्तियों का बीजारोपण करती है।



## साधना का उद्देश्य

नवरात्र में उपवास और साधना का उद्देश्य स्व को परिमार्जित करना होता है। जिस तरह हमारा बाहरी व्यक्तित्व हमारे कपड़ों, गहनों और आचार-विचार से निर्धारित होता है, ठीक उसी तरह हमारा आंतरिक व्यक्तित्व आत्मसंयम, आत्मबल, इच्छाशक्ति, विवेक और ज्ञान से परिभाषित होता है। साधना के द्वारा ज्ञान और विवेक अर्जित किया जा सकता है। इसके अलावा साधना आत्म से साक्षात्कार का सबसे बड़ा माध्यम होती है। आत्म से साक्षात्कार समस्त शक्तियों और ज्ञान के मूल से परिचित होना है। बिना आत्म से मिले हुए कोई भी साधना अपूर्ण ही मानी जाएगी क्योंकि आत्म से मिलन अपनी चेतना में आदिशक्ति के अंश को पहचानना है। उसे अपने भौतिक जीवन में उतारना है। उसकी प्रेरणा से अपने जीवन की दिशाएं तय करना है।

## उपासना से होता है कल्याण

चैत्र मास में प्रकृति अपने सुंदरतम रूप में व्याप्त होती है। प्रकृति का यह उल्लास पूरे वातावरण पर प्रभाव डालता है। मान्यता है कि इस दौरान आध्यात्मिक साधना करने वालों पर सृष्टि में पर्याप्त सकारात्मक ऊर्जा दैवीय अनुकंपा के रूप में बरसती है। इस तरह प्रकृति से प्राप्त ऊर्जा का संयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा से होता है। साधक के मन-मस्तिष्क और आचार-विचार का कायाकल्प हो जाता है। यानी हर तरह से हमारा कल्याण होता है। आत्मचेता मनुष्य सिर्फ अपने जीवन में बदलाव नहीं लाते बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाकर जीवन में सार्थकता लाते हैं। *

### स्त्रियों में विद्यमान देवी अंश

**शक्ति स्वरूपा** देवी का अंश स्त्रियों में भी विद्यमान होता है। इसीलिए उनकी ऊर्जा निरंतर और अक्षुण्ण होती है। बात संस्कार की हो या समर्पण की, कर्तव्य की हो या अपनत्व की इस सांसारिक यात्रा में स्त्रियां निरंतर सक्रिय रहती हैं, अपना दायित्व निभाती रहती हैं। उनमें मौजूद विभिन्न गुणों के आधार पर ही उन्हें लक्ष्मी, सरस्वती, काली और दुर्गा का अंश कहा जाता है। हम नवरात्र में दुर्गा जी की आराधना अवश्य करें लेकिन साथ ही शक्ति का अंश धारण करने वाली स्त्रियों को भी घर, बाहर और समाज में हर जगह आदर-सम्मान देना कभी ना भूलें।

# इंद्रधनुषी पर्व-संस्कृति का गुलदस्ता है बैसाखी

आगामी 13 अप्रैल को बैसाखी का पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व जहां एक तरफ किसानों के उल्लास का प्रतीक है तो साथ ही यह कई धर्मों के अनुयायियों के लिए भी महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इसे देश में कई रूपों में मनाया जाता है।

पर्वोल्लास / दिव्यज्योति 'नंदन'



बैसाखी एक ऐसा पर्व है, जिसके नाम लेते ही मन में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे सिख समुदाय के हमारे भाइयों की भांगड़ा करती छवि तैर जाती है। लेकिन बैसाखी सिर्फ पंजाब, हरियाणा भर का त्योहार नहीं है।

**फसल तैयार होने का उल्लास:** बैसाखी का यह पर्व होली के बाद रबी के फसल के पककर तैयार हो जाने और किसान भाइयों द्वारा इसकी भीनी-भीनी खुशबू से रोमांचित होकर दर्शाई गई खुशी और उमंग का नाम है। चूंकि रबी की फसल सिर्फ पंजाब, हरियाणा या उत्तर भारत में ही नहीं पैदा होती बल्कि पूरे भारत में थोड़े-थोड़े अंतराल के बीच दस्तक देती है। इसलिए देश के कई प्रांतों में बैसाखी के आस-पास कई ऐसे पर्व मनाए जाते हैं, जिनका संबंध प्राचीन भारतीय संस्कृति में बहुत गहरे तक जुड़ा हुआ है।

**कई धर्मों से जुड़ा पर्व:** बैसाखी वास्तव में वैशाख मास की संक्रांति है यानी, सौर मास का प्रथम दिन। बैसाखी हिंदू कैलेंडर के वैशाख महीने का अपभ्रंश है। बैसाखी के दिन सूर्य मेष राशि में संक्रमण करता है, इस कारण इसे वैदिक संस्कृति और ज्योतिष विधान में मेष संक्रांति या विषुवत संक्रांति भी कहते हैं।



बिहू पर्व पर नाचती-गातीं स्थानीय महिलाएं

बैसाखी विशुद्ध रूप से भारतीय उपमहाद्वीप का सांस्कृतिक पर्व है। इसलिए इसका जितना रिश्ता सिख धर्म से है, उतना ही हिंदू धर्म से भी है और उतना ही हिंदुस्तान में जन्मे बौद्ध और जैन धर्मों से भी है। यही वजह है कि बैसाखी का पर्व किसी न किसी रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। बस फर्क इतना होता है कि अलग-अलग जगहों में इसका नाम अलग-अलग हो जाता है। इसे कहीं बसोआ, कहीं बिसुआ, कहीं जुड़ शीतल, कहीं पोहेला बौसाख, कहीं बिहू, कहीं विशु, कहीं पुथंडु कहते हैं। बैसाखी वास्तव में पकी फसल की सोंधी खुश्बू के उल्लास का पर्व है।

**कई रूपों में मनाते हैं पर्व:** बैसाखी का नाम लेते ही कानों में 'जट्टा आई रे बैसाखी...' की धुन गूंजने लगती है। देश के दूसरे हिस्सों में भी इस दिन सुर और ताल का खूब समां बंधता है। बैसाखी के दिन ही सिखों के दूसरे गुरु श्री अंगद देव जी का जन्म हुआ था और इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी। मान्यता है कि भगवान श्री राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। इसी दिन केरल और तमिलनाडु में बिशु पर्व और असम में बिहू तथा पश्चिम बंगाल में पोएला बैशाख पर्व मनाया जाता है। इस दिन पूरे भारत में लोग पवित्र नदियों, सरोवरों में स्नान करते हैं। दान-पुण्य करते हैं और इन सभी स्नानस्थलों पर लगने वाले मेलों में शामिल होते हैं। पंजाब में तो इस दिन पूरे प्रांत में 100 से ज्यादा जगहों पर छोटे-बड़े मेले लगते हैं। इस दिन लोग सुबह-सुबह नहाकर मंदिरों और गुरुद्वारों में जाते हैं। गली-गली में लंगर लगाए जाते हैं। इस अवसर पर हर तरफ खुशी और उल्लास का वातावरण दिखाई देता है। चित्रकूट और प्रयाग में भी इस दिन पवित्र स्नान और मेलों का आयोजन होता है। उत्तर प्रदेश में खासकर बुंदेलखंड के इलाके में इस दिन लोग नहा-धोकर और पूजा करके सत्तू खाते हैं। देशभर में इस समय गेहूं की फसल कट रही होती है या कटनी शुरू होती है। इसलिए किसान इस त्योहार को फसलों के इर्द-गिर्द नाचते-गाते हुए मनाते हैं।

**सिख समुदाय का पवित्र पर्व:** गुरु गोविंद सिंह ने वैशाख माह की षष्ठी को ही खालसा पंथ की स्थापना की थी। सिख समुदाय के लोग इसलिए भी बैसाखी को बड़े उल्लास से मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी ने 1699 ई. को बैसाखी पर श्री आनंदपुर साहिब में विशेष समागम किया था। इसमें देशभर की संगत ने आकर इस ऐतिहासिक अवसर पर अपना सहयोग दिया था। गुरु गोविंद सिंह जी ने इसी मौके पर संगत को ललकार कर कहा था, 'देश को गुलामी से आजाद करने के लिए मुझे एक शीश चाहिए।' गुरु साहिब की ललकार को सुनकर पांच वीरों दया सिंह खत्री, धर्म सिंह जट, मोहकम सिंह छीवां, साहिब सिंह और हिम्मत सिंह ने अपने-अपने शीश गुरु गोबिंद सिंह जी को भेंट किए थे। इन्हीं पांच वीरों के जरिए खालसा पंथ की स्थापना हुई थी, जिसने किस तरह संकट से घिरे हिंदू धर्म को बचाया, यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। *

# दो महाद्वीपों में फैला देश अजरबैजान

रोचक / मच्छिंद्र ऐनापुरे



इस पृथ्वी पर महाद्वीप, हम इंसानों द्वारा अपनी राजनीतिक सुविधा के लिए भौगोलिक सीमाओं का उपयोग करके बनाए गए विभाजन हैं। लेकिन अकसर प्रकृति का विभाजन बहुत सख्त नहीं होता और इसीलिए पृथ्वी पर दो महाद्वीपों में फैले देश मौजूद हैं। ऐसा ही एक देश है-अजरबैजान। यह देश पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया की सीमा पर स्थित है, इसलिए यह दोनों महाद्वीपों के बीच विभाजित है। एक तरफ कैस्पियन सागर और दूसरी तरफ काकेशस पर्वत के बीच बसा यह छोटा सा देश हमारे अपने देश के पश्चिम बंगाल राज्य से भी छोटा है।

इस देश की राजधानी बाकू, समुद्र तल से नीचे विश्व की सबसे निचली राजधानी है। बाकू शहर समुद्र तल से 92 मीटर नीचे है। बाकू शहर को वहां बहने वाली तेज हवाओं के कारण 'हवाओं का शहर' भी कहा जाता है। इस शहर में स्थित 'फ्लेम टावर्स' अपने अनूठे डिजाइन के कारण पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। ओल्ड सिटी सेंटर में एक पहाड़ी पर स्थित, ये टावर कैस्पियन सागर का सुंदर दृश्य प्रस्तुत करते हैं।

**देश का इतिहास:** ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में एट्रोपेटस इस भूमि का शासक हुआ करता था। एट्रोपेटस शब्द का अर्थ है 'पवित्र अग्नि की भूमि।' इस देश में स्थित यानरदाग एक ऐसा स्थान है, जहां प्राकृतिक गैस से प्रज्ज्वलित आग देखी जा सकती है और लगातार जलती रहती है, इसलिए यह नाम अग्नि की भूमि से आया होगा। माना जाता है कि इसी एट्रोपेटस से इस देश का नाम अजरबैजान पड़ा।

**अनोखे हैं तीन टावर्स:** यहां स्थित तीन फ्लेम टावरों में सबसे ऊंचा दक्षिण में 39 मंजिला टावर है। इस आवासीय टावर में 130 लक्जरी अपार्टमेंट हैं। उत्तरी कोने में 36 मंजिला टावर में 318 कमरों वाला फेयरमोंट होटल है। पश्चिमी तरफ, कॉर्पोरेट ऑफिसेस वाला टावर है। इन टावरों का निर्माण 2007 में शुरू हुआ और 2012 में इनका निर्माण पूरा हुआ था। इन टावरों का आकार आग की लपटों जैसा है, लेकिन उनकी सतह एलईडी स्क्रीन से बनी है और ये स्क्रीन आग की लपटों का दृश्य प्रदर्शित करती हैं, जिन्हें शहर में कहीं से भी देखा जा सकता है। *

# जब लगाएं परफ्यूम इन बातों का रखें ध्यान

लाइफस्टाइल / किरण भास्कर

मॉडर्न लाइफस्टाइल में आपकी ड्रेस और दूसरी एक्सेसरीज की तरह आपका परफ्यूम भी आपकी पर्सनालिटी को दर्शाता है। कई लोग अपने को रिफ्रेश करने के लिए बार-बार परफ्यूम का छिड़काव करते हैं, जबकि कई लोग ऐसे परफ्यूम लगाते हैं, जिसकी खुशबू लंबे समय तक बनी रहती है। दरअसल, खुशबू में इस्तेमाल किए जाने वाले तेल का महत्व ज्यादा होता है। यही वजह है कि वे परफ्यूम ज्यादा महंगे होते हैं, जिनमें यूज किया गया तेल महंगा होता है।

**परफ्यूम का असर:** विभिन्न इलेक्ट्रो फिजियोलॉजिकल अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि वास्तव में हमारे परफ्यूम की खुशबू या सुगंध हमारे मूड को तय करती है। यही नहीं फ्रेगरेंस का रिश्ता हमारे तनाव और भावनाओं से भी सीधे तौर पर होता है। कई अध्ययनों से यह बात स्पष्ट हो गई है कि अलग-अलग तरह की सुगंध अलग-अलग तरह का प्रभाव डालती है। इसलिए हर किसी को यह जानना चाहिए कि उसके मूड का रिमोट आखिर कौन-सा परफ्यूम है और पूरी सजगता के साथ ऐसे परफ्यूम का इस्तेमाल करना चाहिए। अध्ययनों से यह भी साफ हुआ है कि फ्रेगरेंस का रिश्ता हमारी बेहतर नींद से भी है। इसलिए अपने लिए ऐसे परफ्यूम को चुनें, जो



आपको बेहतर नींद मुहैया कराए। लब्बोलुआब यह कि अपने परफ्यूम को अपने मूड का रिमोट बनाइए।

**जब लगाएं परफ्यूम:** अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट और यूज करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें।

- महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर नियमित परफ्यूम देर तक खुशबू देते हैं। इनमें आमतौर पर 30 प्रतिशत से ज्यादा एसेंशियल ऑयल होता है और ये सुबह से लेकर शाम तक करीब 7-8 घंटे अपनी भीनी-भीनी खुशबू बिखेरते हैं और आप महकते रहते हैं।
- 15 से 22 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल वाले परफ्यूम 3 से 5 घंटे तक खुशबू देते हैं। ऐसे परफ्यूम कलाई और गर्दन पर लगाने चाहिए।
- 8 से 15 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल वाले परफ्यूम स्प्रे में आते हैं और इन्हें भी अकसर आम लोग इस्तेमाल करते हैं।
- 4 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल वाले परफ्यूम को शरीर के हर हिस्से पर लगाया जा सकता है। यह स्पेशल बोतल में आता है और दो घंटे तक इसकी महक बनी रहती है।
- अगर लंबे समय तक परफ्यूम की खुशबू चाहते हैं तो इसे लगाने के लिए उसकी लेयरिंग टोन को कंसीडर करें और उसी महक को अलग-अलग प्रोडक्ट के रूप में इस्तेमाल करें। शावर या बाथ जैल के अलावा इसे बॉडी में लोशन या स्प्रे के साथ नहाने के बाद बाथ स्प्रे के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब सेंट को परफ्यूम के रूप में इस्तेमाल करें तो इसे नीचे से ऊपर की ओर लगाएं। इससे पूरे शरीर में महक बनी रहती है।
- परफ्यूम को बॉडी प्वाइंट जैसे कोहनियों, बैक, घुटनों, कलाई, गर्दन और वक्ष स्थल में लगाएं, जहां इसकी महक लंबे समय तक रहती है। *



छोटे पर्दे से बड़े पर्दे पर आईं प्राची देसाई का सिक्का ओटीटी पर काफी जम चुका है। इन दिनों वह ओटीटी फिल्म 'साइलेंस : द नाइट आउल बार शूटआउट' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें प्राची का क्या किरदार है? क्या प्राची ने फिल्मों से दूरी बना ली है? करियर से जुड़े अहम सवालों पर प्राची देसाई से खुली बातचीत।

# ओटीटी पर मुझे फिल्मों के मुकाबले ज्यादा चैलेंजिंग किरदार मिल रहे हैं : प्राची देसाई

खास मुलाकात / पूजा सामंत

ओटीटी की लोकप्रियता को देखते हुए बॉलीवुड और टीवी से जुड़े कई नामी सितारों ने इसकी ओर रुख किया है। इनमें एक और एक्ट्रेस का नाम जुड़ गया है-प्राची देसाई। उन्होंने ओटीटी पर डेब्यू किया था फिल्म 'साइलेंस' से। प्राची ने तेलुगू भाषा के सुपरस्टार नागा चैतन्य के साथ भी एक वेब शो 'धूता' किया है। इन दिनों वह मनोज बाजपेयी के साथ 'साइलेंसःद नाइट आउल बार शूटआउट' को लेकर चर्चा में हैं। यह वेब सीरीज 16 अप्रैल को जी-5 पर रिलीज होगी। पेश है प्राची देसाई से हुई बातचीत के प्रमुख अंश -



'साइलेंस' के एक सीन में मनोज बाजपेयी के साथ प्राची देसाई

**फिल्म के बड़े पर्दे और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करके क्या फर्क पाती हैं?**

मेरी नजर में ओटीटी के लिए शूटिंग करना ज्यादा आसान है। सात-आठ एपिसोड्स की कहानी वाले वेब शो की शूटिंग ज्यादा से ज्यादा एक से डेढ़ महीने में खत्म हो जाती है। फिल्मों में बड़ा ताम-झाम होता है। बल्क में डेट्स ली जाती है। कभी फिल्म की शूटिंग नहीं हो पाई तो पूरा शेड्यूल गड़बड़ा जाता है। मेहनत तो फिल्म और ओटीटी दोनों जगहों पर है ही। वैसे ओटीटी पर मुझे फिल्मों के मुकाबले ज्यादा चैलेंजिंग किरदार मिल रहे हैं।

**आपने कुछ वर्ष पहले 'साइलेंस' सीजन-1 भी की थी। इसी फिल्म का दूसरा सीजन करने की क्या खास वजह रहीं, यानी आपने इसे क्यों एक्सेप्ट किया?**

2020 के कोरोना लॉक डाउन के दौर में मैंने फिल्म 'साइलेंस' सीजन-1 की थी। यह एक सस्पेंस-थ्रिलर जॉनर की बहुत दिलचस्प फिल्म है। इस जॉनर की फिल्में आजकल खूब पसंद की जा रही हैं। 'साइलेंस' सीजन 1 की शूटिंग के समय बहुत सारे प्रोटोकॉल निभाने थे। शूटिंग करने की भी इजाजत आसानी से नहीं मिलती थी। इस मुश्किल समय में शूटिंग करना बिल्कुल आसान नहीं था। लेकिन सभी कलाकारों ने मिलजुल कर काम किया। उस अनुभव को, उन दिनों को मैं कभी नहीं भूला सकती। हम बस इंतजार ही कर रहे थे कि कब 'साइलेंस' का दूसरा सीजन बने। जब दूसरे सीजन का ऑफर मिला, इसे एक्सेप्ट करना तो बनता ही था।

**क्या इसकी कहानी-किरदार का आकर्षण नहीं था आपके लिए?**

ऑफकोर्स था। कलाकार के लिए कहानी और किरदार का आकर्षण ना हो तो वह कलाकार कैसा? फिल्म में अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ काम करना एक बहुत बड़ा आकर्षण किसी भी एक्टर के लिए हो सकता है।

**फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताएं?**

इस फिल्म में मेरा किरदार इन्वेस्टिगेटिव पुलिस ऑफिसर संजना भाटिया का है। मेरा किरदार अंडर कवर्ड है। मस्ती-मजाक में भी पुलिस ऑफिसर संजना भाटिया अपने कर्तव्य को उचित अंजाम देती है।

**अपने किरदार के लिए आपने क्या कोई खास तैयारी की थी? इसके लिए निर्देशक की कोई विशेष हिदायत थी?**

अमूमन पुलिस अफसर जब किसी हीरो को दिखाया जाता है तब उसमें अकसर कई एक्शन सीन होते हैं, लेकिन निर्देशक अबन भरुचा देवहंस, जो एक सक्षम महिला निर्देशक हैं, उन्होंने मेरे किरदार को थोड़ा लाइट हार्टेड बनाया। सभी पुरुष पुलिस वालों में मैं एक महिला पुलिस ऑफिसर हूं, जो कहानी में हल्के-फुल्के संवाद बोलती है, सभी को हंसाती रहती है। संजना के कारण तनाव भरे माहौल में हल्का-फुल्का माहौल बनता है। हालांकि इसमें छोटे-मोटे एक्शन सीन हैं, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। यह मर्डर मिस्ट्री है। कहानी में सभी कड़ियों को जोड़े रखने में संजना कारगर मालूम होती है। इसलिए एक्शन, स्टंट्स करने वाली यह पुलिस अफसर नहीं है। यह संजना दर्शकों को याद रहेगी।

**आप अचानक फिल्मों से गायब हो गईं। अब चार वर्षों बाद ओटीटी पर नजर आ रही हैं? आप फिल्मों से दूर क्यों हुईं?**

मैं फिल्मों में नजर नहीं आई, जिसके कई कारण थे। कोरोना काल के लॉक डाउन में मेरी क्या शायद ही किसी अन्य एक्टर की फिल्म रिलीज हुई हो। मैंने जो फिल्में साइन की थीं, उनमें कोई फिल्म शुरू नहीं हो पाई। मैं अपने पैशन के लिए फिल्में करती हूं, यह जरूरी नहीं मेरी हर वर्ष दो-चार फिल्में रिलीज हों। एक वर्ष में बस एक फिल्म रिलीज हो, जिसे करने में मुझे खुशी हो, इतना काफी है मेरे लिए। मैं बहुत चूजी हूं, जो पसंद आए सिर्फ उसे ही एक्सेप्ट करती हूं। ओटीटी पर जो भी प्रोजेक्ट किए, मेरे परफॉर्मेंस की प्रशंसा हुई। ऐसा नहीं है कि मैं बड़े पर्दे से दूर हो गई हूं।

**'साइलेंस' सीजन-2 के अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इधर और क्या किया है?**

अमेजॉन प्राइम पर 'धूता' रिलीज हुए अभी तीन महीने हुए हैं। इस वेब शो का रिजल्ट काफी उत्साहवर्धक रहा। आठ कड़ियों वाले इस शो का जो फीडबैक मिला, देखकर खुशी हुई। लगा मेरा यह निर्णय सही था कि मैं ओटीटी के नए प्लेटफॉर्म पर खुद को आजमा लूं। विक्रम कुमार इसके निर्देशक हैं, मेरे को-स्टार नागा चैतन्य हैं। मुझे निर्देशक विक्रम कुमार और नागा चैतन्य ने काफी कन्विंस किया कि मैं यह शो कर खुद को आजमाऊं। अगर मेरे लिए यह रिस्क है तो रिस्क लेना सही है। बिना रिस्क, बिना चैलेंज एक एक्टर के रूप में मैं कैसे ग्रो करूंगी? उनके इस तरह समझाने के बाद मैं वेब शो 'धूता' के लिए मान गई। इस वेब शो का यह पहला सीजन है। दूसरे सीजन की तैयारी चल रही है। *